आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक

# उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 138 | हापुड़, गुरुवार 05 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

## संभल जा रहे राहुल गांधी के काफिले को गाजियाबाद में रोका गया

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के काफिले को बुधवार को दिल्ली-गाजियाबाद सीमा पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने रोक लिया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। कांग्रेस पार्टी के अनुसार, श्री गांधी और उनके दल के लोग उत्तर प्रदेश के संभल कस्बे के लिए जा रहे थे, जहां पिछले दिनों एक विवादास्पद धार्मिक स्थल के सर्वे को लेकर हिंसक प्रदर्शन में कई लोगों की मौत हो गयी थी। कांग्रेस पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, श्री गांधी और सुश्री वाड्रा के नेतृत्व में हमारे प्रतिनिधिमंडल को गाजियाबाद में सीमा पर रोक लिया गया। हमारा प्रतिनिधिमंडल संभल जा रहा था। पार्टी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की इस कार्रवाई का क्या कारण हो सकता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता संभल में हिंसा के कारण अपनों की जान गंवाने वाले परिवारों के साथ मिलने जा रहे थे। कांग्रेस के काफिले को दिल्ली-उत्तर प्रदेश सीमा पर गाजियाबाद में रोके जाने से अफरा-तफरी मच गयी और भारी जाम लग गया।





## नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने केंद्र पर कसा तंज

नई दिल्ली । दिल्ली में लगातार होती घटनाओं को लेकर एक तरफ आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल लगातार केंद्र सरकार को घेरते हुए दिखाई दे रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ आज सुबह दिल्ली के नेब सराय में हुए ट्रिपल मर्डर मामले में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र सरकार पर तंज कसा है। आतिशी ने अपने पोस्ट में लिखा, आज सुबह नेब सराई में ट्रिपल मर्डर हुआ। दिल्ली में दिन दहाड़े हत्याएं हो रही हैं, गोलियां चल रही रही हैं, खुलेआम ड्रग्स बिक रहे हैं। केंद्र सरकार की दिल्ली में एक ही जिम्मेदारी है - दिल्ली वालों को सुरक्षा देना। वो अपनी ज़िम्मेदारी में पूरी तरह फेल हैं। गौरतलब है कि लगातार दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय को घेरते हुए दिखाई देते हैं। अरविंद केजरीवाल के मुताबिक उन्हें जो काम दिल्ली में करना था, उन्होंने किया है। लेकिन एक काम जो सबसे महत्वपूर्ण था जिसकी जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है, वह है दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था और लॉ एंड आर्डर। इसमें केंद्र सरकार फेल होती दिखाई दे रही है। अरविंद केजरीवाल के साथ-साथ पार्टी के अन्य नेता और खुद दिल्ली की मुख्यमंत्री केंद्र सरकार पर लगातार निशाना साध रहे हैं।



अरविंद केजरीवाल अपनी पदयात्रा और जनसभाओं में दिल्ली पुलिस को उसकी नाकामी के लिए कोसते दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ साथ अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में लॉ एंड आर्डर को लेकर सोशल मीडिया के जरिए भी भाजपा को लगातार घरा है। केजरीवाल सोशल मीडिया के जरिए दिल्ली में हो रही घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए इसके लिए पुलिस को दोषी बता रहे हैं।

## घबराइए मत, हर शिकायत पर कराएंगे प्रभावी कार्रवाई - सीएम योगी



गोरखपुर । गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद किया। इस दौरान योगी आदित्यनाथ ने कहा, घबराइए मत, हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएंगे। हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराया जाएगा। सरकार सबकी समस्या दूर करने को लेकर संकल्पित है। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दर्शन में महिलाओं की संख्या अधिक रही। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे। एक-एक कर और इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। किसी को भी घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अफसरों को यह निर्देश भी दिए कि यदि किसी प्रकरण में पीड़ित को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा है तो इसकी भी जांच कर जवाबदेही तय की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी। इस दौरान उन्होंने अफसरों से कहा कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाया जाए जिससे उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े।

## पश्चिम बंगाल - ममता बनर्जी के मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल जल्द, कुछ मंत्रियों का कट सकता है पत्ता

कोलकाता । पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल में चरणबद्ध फेरबदल अगले साल की शुरुआत से शुरू होने की संभावना है और यह प्रक्रिया अगले दो से तीन महीनों में पूरी होने की उम्मीद है। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो प्रस्तावित फेरबदल मुख्य रूप से उन विभागों पर केंद्रित होगा जो सीधे तौर पर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े हैं। मुख्यमंत्री विधानसभा चुनाव 2026 को ध्यान में रखते हुए इन विभागों के काम को बेहतर बनाना चाहती हैं। इस फेरबदल के कुछ पहलू हो सकते हैं। पहला यह कि कुछ महत्वपूर्ण विभाग, जो सीधे तौर पर सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े हैं, उनका प्रबंधन कुछ मंत्रियों द्वारा किया जा रहा है, जो अन्य विभागों के भी प्रभारी हैं। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया कि मुख्यमंत्री उन



महत्वपूर्ण विभागों के लिए एक-एक मंत्री को समर्पित करने पर विचार कर रही हैं, ताकि वहां कामकाज में सुधार हो सके। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में, कैबिनेट में नए चेहरों को शामिल किए जाने की काफी संभावना है। फेरबदल का दूसरा हिस्सा कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों को आवश्यकताओं के अनुसार बदलना होगा। उस स्थिति में भी, पार्टी सूत्रों ने कहा कि कुछ मौजूदा मंत्रियों के मंत्रालय चले जाएंगे और उनकी जगह नए चेहरे आ सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि तीसरा हिस्सा कुछ मौजूदा राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र) को कैबिनेट मंत्री के रूप में पदोन्नत करना होगा। पार्टी के एक अंदरूनी सूत्र ने बताया, राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा इस साल अगस्त में शुरू हुई थी। अगर सब कुछ सही दिशा में चला तो अगले साल की शुरुआत से ही यह प्रक्रिया शुरू होने की उम्मीद है। हाल ही में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए थे, जिसमें पार्टी के मामलों, विधायी मामलों और प्रशासनिक मामलों को संभालने वाले व्यक्तियों की पहचान की गई थी।

मुख्यमंत्री ने यह स्पष्ट कर दिया था कि इन तीनों क्षेत्रों में पुराने लोगों को नए लोगों से ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस की युवा और छात्र शाखा के मौजूदा नेतृत्व के कामकाज की समीक्षा करने का भी संकेत दिया था।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की

पुरी । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति ने 'ग्रांड रोड' में एक किलोमीटर की दूरी पैदल तय की। जब राष्ट्रपति आम श्रद्धालु की तरह सड़क से जा रही थीं तो सैकड़ों लोग सड़क के दोनों ओर खड़े हो गए और उनका अभिवादन किया। मंदिर को कुछ समय के लिए आम लोगों के वास्ते बंद कर दिया गया ताकि राष्ट्रपति मंदिर के गर्भगृह में भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ के दर्शन सुलभता से कर सकें। राष्ट्रपति के साथ उनकी बेटी इतिश्री मुर्मू, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा, पुरी के सांसद संबित पात्रा और अन्य लोग



मौजूद थे। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुर्मू ने कहा, “मैंने भगवान से कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की साथ ही देश के लोगों के लिए भी प्रार्थना की तथा उनकी खुशहाली की कामना की।” वह मंदिर में करीब 30 मिनट रहीं। मंदिर पहुंचने पर श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति को दर्शन कराने वाले सेवादार राजरतन महापात्रा ने बताया कि उन्होंने गर्भगृह में मत्था टेका और आरती की। राष्ट्रपति ने मंदिर परिसर में मां बिमला और महा लक्ष्मी की भी पूजा-अर्चना की। पुलिस ने बताया कि राष्ट्रपति की यात्रा के मद्देनजर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गई।

मंदिर से राष्ट्रपति मुर्मू शहर में एक अन्य कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हो गईं।

## नौसेना की प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, समृद्धि सुनिश्चित करती है- प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नौसेना दिवस पर भारतीय नौसेना की सराहना की और कहा कि उसकी प्रतिबद्धता राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। वर्ष 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' में नौसेना की उपलब्धियों की याद में नौसेना दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य भारतीय नौसेना के अद्वितीय साहस, कार्यकुशलता और देश की रक्षा में उसके योगदान को याद करना है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, “नौसेना दिवस पर हम भारतीय नौसेना के बहादुर कर्मियों को सलाम करते हैं जो अतुलनीय साहस और समर्पण के साथ हमारे समुद्र की रक्षा करते हैं। उनकी प्रतिबद्धता हमारे राष्ट्र की सुरक्षा, संरक्षा और समृद्धि सुनिश्चित करती है। हमें भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास पर भी बहुत गर्व है।”



## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार का मुद्दा लोकसभा में उठा, सरकार से हस्तक्षेप का अनुरोध



नई दिल्ली । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार और एक हिंदू पुजारी को गिरफ्तार करने का मुद्दा बुधवार को लोकसभा में उठाते हुए हेमा मालिनी समेत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ सदस्यों ने पड़ोसी देश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का अनुरोध किया और संसद से एक प्रस्ताव पारित करने की भी मांग की। शून्यकाल में इस विषय को उठाते हुए मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर और इस्कॉन संस्था एवं उसके अनुयायियों पर चरमपंथियों द्वारा किए जा रहे हमले निंदनीय हैं।

उन्होंने हिंदू पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए कहा कि इस्कॉन के लोग मानवता के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, “चिन्मय कृष्ण दास बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे थे, लेकिन उन्हें राजद्रोह का आरोप लगाकर जेल में डाल दिया गया। उनके पक्ष में गवाही देने वाले दो लोगों को भी जेल में डाल दिया गया।”हेमा मालिनी ने कहा, “मैं स्वयं कृष्ण भक्त हूं और इस्कॉन की अनुयायी हूं। मैं कृष्ण की पावन नगरी मथुरा की प्रतिनिधि हूं। हम धर्म पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह विदेश नीति का विषय नहीं है, बल्कि हमारी भावना का विषय है।

”उन्होंने कहा कि बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। असम से भाजपा सांसद दिलीप सैकिया ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के मुद्दे को उठाते हुए मांग की, “भारतीय संसद में एक प्रस्ताव पारित कर बांग्लादेश सरकार को हिंदुओं पर अत्याचार रोकने के लिए कार्रवाई करने का संदेश भेजा जाना चाहिए।” सत्तारूढ़ दल के ही अनिल फिरोजिया ने इस मामले में भारत सरकार से और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हस्तक्षेप का अनुरोध किया।

## वायनाड भूस्खलन पीड़ितों की मदद के लिए शाह से मिली प्रियंका

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करके उन्हें अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में भूस्खलन के कारण लोगों के समक्ष खड़ी हुई स्थिति से उन्हें अवगत कराया और पीड़ितों की मदद के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। वायनाड लोकसभा सीट के लिए हाल में हुए उपचुनाव में भारी मतों से जीतकर संसद पहुंची श्रीमती वाड्रा ने बुधवार को श्री शाह से संसद भवन परिसर में उनके कार्यालय में मुलाकात के बाद पत्रकारों को को बताया कि उन्होंने श्री शाह से राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के लोगों की मदद करने का आग्रह किया है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, हमने गृह मंत्री जी से मिलकर उन्हें वायनाड के हालात से अवगत करवाया है। वहां के लोगों के जीवन पर भूस्खलन का बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है। लोगों के परिवार और घर



उजड़ गए हैं और उनका जीवन बहुत मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, इन हालातों में केंद्र सरकार अगर कुछ न करे, तो लोग किससे उम्मीद करेंगे। हमने गृह मंत्री जी से अपील की है कि राजनीति को परे, वायनाड के लोगों की मदद की जाए। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वहां पीड़ितों से मिले थे तब लोगों को मदद की उम्मीद जगी थी लेकिन अभी तक कोई मदद नहीं मिल पाई है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, मैंने श्री शाह से वायनाड के लोगों की राजनीति से ऊपर उठकर मदद करने का आग्रह किया है। बाढ़ के कारण सबके घर, पाठशालाएं सब बह गई हैं और इसी को देखते हुए गृहमंत्री से मानवता के आधार लोगों की मदद का आग्रह किया है। इस मामले में राजनीति से ऊपर उठकर वायनाड के पीड़ितों की मदद की जानी चाहिए। हमने प्रधानमंत्री के साथ ही गृहमंत्री को ज्ञापन दिया है और सरकार से पीड़ितों की मदद करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री ने आश्वासन दिया है कि वह लोगों की समस्या से अवगत हैं और जितना हो सकता है इस मामले में उनकी मदद करेंगे।

## संपादकीय

# स्वर्ग लोक की दौलत कमाना है

कल रात मैंने एक सपना देखा सपने में-मैं और मेरा परिवार शिमला घूमने गए। हम सब शिमला की रंगीन वादियों में कुदरती नजारा देख रहे थे। जैसे ही हमारी कार सनसेट पॉइंट की ओर से निकली की अचानक हमारी गाडी के ब्रेक फेल हो गए और हम सब करीबन 1500 फिट गहरी खाई में जा गिरे। मेरी तो वहीं खाई में गिरते ही मौत हो गई। जीवन में कुछ अच्छे कर्म किये होंगे इसलिये यमराज मुझे स्वर्ग में ले गये ये देखकर मैं बहुत प्रसन्न हुआ। देवराज इंद्र ने मुस्कुराकर मेरा स्वागत किया और मेरे हाथ में बैग देखकर पूछने लगे इसमें क्या है? मैंने कहा-'इसमें मेरे जीवन भर की कमाई है, पांच करोड़ रुपये है।' इन्द्र ने बी.आर.पी-16011966 नम्बर के लॉकर की ओर इशारा करते हुए कहा-आपकी अमानत इसमें रख दीजिये। मैंने भी बैग उसी में रख दीया। मुझे एक कमरा भी दिया गया। मैं नहा धोकर तैयार होकर बाजार में निकला, देवलोक के शॉपिंग मॉल में अदभुत वस्तुएं देखकर मेरा मन ललचा गया। मैंने कुछ चीजें पसन्द करके अपनी टोकरी में डाली, और काउंटर पर जाकर उन्हें हजार हजार के करारे नोटें देने लगा। तब वहां के मेनेजर ने उन नोटों को देखकर कहा, अरे यह करेंसी यहां नहीं चलती। यह सुनकर मैं तो हैरान ही रह गया। मैंने इंद्र के पास इसकी शिकायत की इंद्र ने मुस्कुराते हुए कहा कि, आप तो व्यापारी होकर इतना भी नहीं जानते? कि आपकी करेंसी बाजार में पाकिस्तान, श्रीलंका और बांगलादेश में भी नही चलती, और आप मृत्युलोक की करेंसी स्वर्गलोक में चलाने की मूर्खता कर रहे हो? यह सब सुनकर मुझे तो मानो सांप सूंघ गया। मैं जोर जोर से दहाड़े मारकर रोने लगा, और परमात्मा से दरखास्त करने लगा, हे भगवान ये क्या हो गया? मैंने कितनी मेहनत से ये पैसा कमाया जिसके लिए दिन नही देखा, रात को रात नही देखा, पैसा कमाया मां बाप की सेवा नही की, पैसा कमाया, बच्चों की परवरीश ठीक से नही की, पैसा कमाया, पत्नी की सेहत की ओर ध्यान नही दिया, पैसा कमाया, रिश्तेदार, भाईबन्द, परिवार और यार दोस्तों से भी, किसी तरह की हमदर्दी न रखते हुए, पैसा कमाया, जीवन भर हाय हाय पैसा हाय पैसा ही किया। ना चैन से सोया, ना चैन से खाया, बस, जिंदगी भर पैसा कमाया, और यह सब तो व्यर्थ ही चला गया? हाय राम, अब मेरा क्या होगा। इंद्र ने कहा, 'रोने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है। जिन जिन लोगो ने यहां जितना भी पैसा लाया, वो सब यहां आकर रद्दी हो गया। जमशेद जी टाटा के 55 हजार करोड़ रुपये, बिरला जी के 47 हजार करोड़ रुपये, धीरू भाई अम्बानी के 29 हजार करोड़ अमेरिकन डॉलर। सबका पैसा यहां पड़ा है। मैंने इंद्र से पूछा-फिर यहां पर कौनसी करेंसी चलती है? इंद्र ने कहा-क्या तुमने धरती पर अगर कुछ अच्छे कर्म किये है। जैसे किसी दुखियारे को मदद की, किसी रोते हुए को हंसाया, किसी गरीब बच्ची की शादी कर दी, किसी अनाथ बच्चे को पढ़ा लिखा कर काबिल बनाया। किसी को व्यसनमुक्त किया। किसी अपंग स्कुल, वृद्धाश्रम या मंदिरों में दान धर्म किया। ऐसे ही पुण्य कर्म करने वालों को यहां पर एक क्रेडिट कार्ड मिलता है। और वो उसे ही उपयोग कर आप यहां स्वर्गीय सुख का उपभोग ले सकते है। मैंने कहा, भगवान मुझे यह पता नहीं था, इसलिए मैंने अपना यह जीवन तो व्यर्थ ही गंवा दिया। हे प्रभु, अगर हो सके तो मुझे थोडा आयुष्य दे दीजिये। और मैं गिड़गिड़ाने लगा, तो इंद्र को मुझ पर दया आ गई। इंद्र ने तथास्तु कहा और मेरी नींद खुल गयी। और मैं जाग गया। वैसे तो आप और हम सब जानते हे की हम इस दुनिया में खाली हाथ आये थे और खाली हाथ ही जायेंगे। चाहे जितना भी धन कमा ले साथ कुछ नहीं ले जा सकते पर मेरे सपने में जो आया आप सब को बता दिया। मैंने तो तय कर लिया हे की अब से मैं वो दौलत भी कमाऊंगा जो वहां चलेगी। अब आप सब भी ये सोच ले आपको यहां कौन कौन सी दौलत कमाना हे?

## तनाव मुक्त जीवन जीने का रामबाण उपाय

चाहे बच्चे हो या बड़े, महिला हो या पुरुष, अमीर हो या गरीब, तनाव नाम का कीड़ा हर किसी के जीवन को धीरे-धीरे खोखला करता जा रहा हैं। यह ना सिर्फ हमारी खुशियों पर प्रहार कर रहा हैं, बल्कि हमारी कार्य क्षमता को भी घटा रहा हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए आज हम आपको कुछ ऐसे कारगर उपायों के बारे में बताएंगे जिन्हें अपना कर आप तनाव मुक्त जीवन बिता सकते हैं। -योग से होगा तनाव का सफाया। योग एक ऐसा रामबाण उपाय हैं जो ना सिर्फ आपके शरीर को फिट रखता हैं बल्कि आपके दिमाग को भी तन्दरूस्त रखता हैं। सुबह सुबह रोजाना योग करने से आप के दिमाग को काफी शान्ति मिलेगी। -गाने सुने। जी हां गाना एक ऐसी चीज हैं जो तनाव से मुक्ति दिलाने में सब से तेज कार्य करता हैं। स्लो और रोमांटिक गाने से लेकर हिप हॉप और डिस्को तक। जो केटेगरी आपको पसंद हो आप वो सुन सकते हैं। -ताजे-ताजे पकवान खाए, जी हां, आप माने या ना माने, पर बहुत से लोग तनाव की स्थिति में ज्यादा से ज्यादा भोजन करते दिखाई देते हैं। हम आप को सलाह देंगे की ज्यादा भोजन की बजाए। खास और आपका पसंदीदा भोजन खाए। इस तरह आपका पूरा ध्यान तनाव से हट कर खाने के स्वाद और आनंद में चला जाएगा। -कॉमेडी फिल्म या टीवी शो देखे। तनाव दूर करने का ये सब से आसान और मजेदार तरीका हैं। अपनी पसंदीदा हास्य फिल्म की सीडी या डीवीडी हमेशा अपने कलेक्शन में रखे। क्या पता कब आपको इस की जरूरत पड़ जाए। -बच्चों के साथ समय बिताए। कहते हैं बच्चे भगवान का रूप होते हैं। शायद इसीलिए बच्चो की चेहरे की मुस्कराहट और शरारतों को देख हमारे अंदर का बच्चा भी जाग उठता हैं और हम अपने बाहरी जीवन के तनाव को भूल जाते हैं।

## 05 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 06.58 प्रात-
सूर्यास्त- 05.36 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 10.28 प्रात-
चंद्र अस्त- 09.25 सायंकाल
चंद्रमा- मकर राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-4 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-20 पक्ष- शुक्ल पक्ष-04 तिथि-चतुर्थी दोपहर 12.49 तक बाद में पंचमी, नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा सायं 05.26 तक बाद में श्रवण,योग- वृद्धि दोपहर- 12.27 तक बाद में ध्रुव,
करण-विष्टी दोपहर- 12.49 तक बाद में बव प्रात- 12.31 तक बाद में बालव, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, अभिजीत मुहूर्त- प्रात- 11.56 से 12.38 तक दुमुहूर्त प्रात- 10.31 से 11.13 तक व 02.46 से 03.28 तक अमृत काल- 10.59 से 12.35 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.22 से 06.10 तक।

## आज 05 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- परिवार में किसी की तबियत अधिक बिगड़ सकती है, खुद को भी बैलेन्स रखना होगा, मकान या किसी व्यवसायिक प्रॉपर्टी पर नोटिस भी आ सकता है।
भाग्य प्रतिशत-47

वृषभ- कोई सरकारी कार्य करने जा रहे है तो अधिकारी से विवाद सम्भव है, माता को स्वास्थ्य समस्या हो सकती है,अदृश्य शक्ति कोई संकेत देगी।
भाग्य प्रतिशत-51

मिथुन- इवेंट, संगीत, नृत्य, फेशन आदि कार्य से आर्थिक लाभ होगा, महिला आंख मूंद कर किसी के साथ ना जाए, घर में समस्या आ रही है तो पूर्वजों के लिए दान दे।
भाग्य प्रतिशत-68

कर्क- अस्थमा, गुप्त रोग, शुगर समस्या है तो थोड़ी देखभाल करें, क्रिएटिव कार्य या व्यवसाय करते है तो व्यस्त रहेंगे, धन के लिए थोड़ा विलंब हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-52

सिंह- सही निर्णय गलत साबित हो सकते है, थोड़ी सलाह भी ले ले, प्रॉपर्टी कार्य में परेशानी आ सकती है, पिता,साले साहब को कष्ट सम्भव है।
भाग्य प्रतिशत-48

कन्या- मनोरंजन करेंगे, मन लगना मुश्किल होगा, कोचिंग, शेफ, कन्टेन्ट राइटिंग, इन्टरनेट मार्केटिंग के क्षेत्र वालो को थोड़ा संघर्ष के साथ सफ़लता मिलेगी, कुछ नया सीखें।
भाग्य प्रतिशत-50

तुला- हार्ट स्पेशलिस्ट की प्रेक्टिस अच्छी चलेगी, बहुत सारी चीजों के तनाव से मन भर सकता है, छोटे बच्चे की देखभाल अच्छे से करें।
भाग्य प्रतिशत-48

वृश्चिक- किसी चीज़ को पाने की सारी तिकड़म लगा देंगे लेकिन देरी से निराशा सम्भव है, बेंक बैलेन्स कम हो सकता है, किन्नरों को कुछ दान करे।
भाग्य प्रतिशत-48

धनु- किसी परीक्षा में बार-बार असफल हो रहे है, लीवर जनित रोग गम्भीर हो सकता है, किसी केस का ट्रायल शुरु हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-47

मकर- व्यवसाय ठप पड़ सकता है, किसी भी कार्य को सेट नहीं कर सकेंगे, झल्लाहट अनुभव होगी, वैवाहिक जीवन के हालात बदतर हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-47

कुम्भ- कुछ नए इनवेस्टमेंट प्लान करेंगे, प्रॉपर्टी से फायदा लेने में अभी थोड़ा समय लग सकता है, घर से कुछ कार्य शुरू कर पाएंगे, अनावश्यक रिसक लेने से बचे।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन-बनते कार्य में विलंब होगा, अधिक बहनो में किसी बात पर बातचीत खराब हो सकती है, दांत, आंख हड्डी में कमी कमी आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-46

# राज कपूर की विरासत का जश्न, 13 दिसंबर से 15 दिसंबर तक सिनेमाघरों में




मुंबई । भारतीय सिनेमा जगत पहले शो मैन राज कपूर की 100वीं जयंती पर आरके फिल्म्स, फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन, एनएफडीसी, एनएफएआई एंड सिनेमाज साथ मिलकर एक उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। तीन दिवसीय उत्सव %राज कपूर 100 - सेलिब्रेटिंग द सेंटेनरी ऑफ द ग्रेटेस्ट शोमैन% 13 दिसंबर को शुरू होगा और 15 दिसंबर तक जारी रहेगा। इसके अंतर्गत 40 शहरों और 135 सिनेमाघरों में राज कपूर की 10 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। स्क्रीनिंग पीवीआर-इनॉक्स और सिनेपोलिस सिनेमाघरों में होगी, जिससे दर्शकों को यह सुनिश्चित हो सके कि देश भर में अत्याधुनिक स्थानों पर इस ट्रिब्यूट का अनुभव कर सकते हैं।हर सिनेमा घर में टिकट की कीमत मात्र 100 रूपये रखी गई है, जिससे हर कोई इस जादुई सफर का हिस्सा बन सके।इस उत्सव में राज कपूर की सबसे प्रसिद्ध फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिनमें आग (1948), बरसात (1949),आवारा (1951),श्री 420 (1955), जागते रहो (1956), जिस देश में गंगा बहती है (1960),संगम (1964),मेरा नाम जोकर (1970), बॉबी (1973) और राम तेरी गंगा मैली (1985) शामिल है। राजकपूर के पुत्र अभिनेता और फिल्म निर्माता रणधीर कपूर का मानना है कि , राज कपूर सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, वे एक दूरदर्शी थे, जिन्होंने भारतीय सिनेमा की भावनात्मक परंपरा को आकार दिया। उनकी कहानियां केवल फिल्में नहीं, बल्कि भावनात्मक यात्राएं हैं जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं। यह उत्सव उनकी दृष्टि को हमारा छोटा सा ट्रिब्यूट है। रणबीर कपूर ने कहा,हमें बहुत गर्व है कि हम राज कपूर परिवार के सदस्य हैं। हमारी पीढ़ी एक ऐसे दिग्गज के कंधों पर खड़ी है, जिनकी फिल्मों ने अपने समय की भावनाओ को दर्शाया और दशकों तक आम आदमी को आवाज दी। उनकी टाइमलेस कहानियां प्रेरणा देती रहती हैं, और यह फेस्टिवल उस जादू का सम्मान करने और सभी को बड़े पर्दे पर उनकी विरासत का अनुभव करने के लिए आमंत्रित करने का हमारा एक तरीका है।

# प्रियंका ने पूरी की 'सिडेल 2' की शूटिंग, बोलीं- 'टीम की आभारी हूं'



मुंबई । ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने 'सिटाडेल 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ एक पोस्ट शेयर कर 'सिटाडेल 2' टीम का आभार जताया। इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, कुछ दिनों से मैं काफी उत्साहित और रोमांच में रही हूं। हमने 'सिटाडेल सीजन 2' की शूटिंग को पूरा कर लिया है! यह साल मेरे लिए बहुत उतार-चढ़ाव भरा रहा है लेकिन इतने प्यार और समर्थन की वजह से कुछ आसान बन गया। प्रियंका शूटिंग पूरी कर काफी खुश हैं और इसका उन्होंने बड़े प्यारे अंदाज में इजहार किया। ये भी बताया कि उनके लिए ये छुट्टियों समान है और इसका आनंद उठाने के लिए वो पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा, मैं सीरीज के एक्टर्स, क्रू और खासकर मेरी टीम की बहुत आभारी हूं, जिन्होंने मेरा साथ दिया। अब मैं छुट्टियों के मौसम में 'गोता लगाने' को तैयार हूं। 'सिटाडेल' अमेजन प्राइम वीडियो की जासूसी थ्रिलर सीरीज का निर्माण डेविड वेइल ने किया है। सीरीज में प्रियंका चोपड़ा लीड रोल में हैं और उनके किरदार का नाम नादिया सिंह है। 'देसी गर्ल' के साथ 'सिटाडेल 2' में हॉलीवुड अभिनेता रिचर्ड मैडेन भी हैं। सीरीज में प्रियंका की एक्टिंग को दर्शकों से काफी सराहना मिली थी। सिटाडेल के सीजन 1 में प्रियंका चोपड़ा के साथ स्टेनली टुची, लेस्ली मैनविल, एश्ले कमिंग्स, रिचर्ड मैडेन, जोश एप्पेलबाम अहम रोल में हैं। 'देसी गर्ल' के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी झोली में कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं। 'सिटाडेल 2' के अलावा 'देसी गर्ल' के पास इदरीस एल्बा और जॉन सीना के साथ 'हेड्स ऑफ स्टेट' और कार्ल अर्बन के साथ 'द ब्लफ' भी है। प्रियंका की झोली में फरहान अख्तर की अपकमिंग 'जी ले जरा' भी है, जिसमें उनके साथ कैटरीना कैफ और आलिया भट्ट भी अहम भूमिकाओं में हैं।

## उर्फी जावेद ने किया मशहूर

# बटरफ्लाई ड्रेस को बेचने का ऐलान



मुंबई । अनोखे ड्रेसिंग स्टाइल के लिए जाने जानी वाली उर्फी जावेद की बढ़ती लोकप्रियता के बीच कुछ घटनाओं ने संकेत दिए हैं कि वह आर्थिक परेशानियों का सामना कर रही हो सकती हैं। हाल ही में उर्फी ने सोशल मीडिया पर अपनी मशहूर बटरफ्लाई ड्रेस को बेचने का ऐलान किया। उन्होंने इस ड्रेस की कीमत 3 करोड़ 66 लाख 99 हजार रुपये रखी है। उर्फी ने पोस्ट के जरिए ड्रेस खरीदने के इच्छुक लोगों से संपर्क करने की अपील की। इतनी ऊंची कीमत देखकर लोगों ने कयास लगाए हैं कि शायद उर्फी को पैसों की जरूरत है। यह ड्रेस उनकी सबसे चर्चित क्रिएशन्स में से एक है, और इसे लेकर पहले भी काफी चर्चा हो चुकी है। इससे पहले उर्फी ने एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह बिना किसी सुरक्षा हार्नेस के एक ऊंची बिल्डिंग से लटकती नजर आईं। इस वीडियो के साथ उन्होंने मजाकिया अंदाज में लिखा, खतरों के खिलाड़ी के लिए मेरा ऑडिशन, कलर्स टीवी क्या आप देख रहे हैं? हालांकि, यह वीडियो एडिटेड था, लेकिन इसके खतरनाक स्टंट ने फैंस को चौंका दिया। कुछ लोगों ने यह मान लिया कि उर्फी इस खतरनाक स्टंट शो का हिस्सा बनने की तैयारी कर रही हैं। बाद में उर्फी ने खुलासा किया कि यह वीडियो सिर्फ मजाक के तौर पर बनाया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि वह कभी भी खतरों के खिलाड़ी जैसे शो में हिस्सा नहीं लेंगी, क्योंकि उन्हें खतरनाक स्टंट्स से डर लगता है। उर्फी की बटरफ्लाई ड्रेस बेचने का फैसला और उनके मजाकिया वीडियो ने एक बार फिर से उनकी चर्चा बढ़ा दी है। जहां एक तरफ कुछ लोग इसे उनकी क्रिएटिविटी का हिस्सा मान रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कुछ का मानना है कि यह कदम आर्थिक तंगी का संकेत हो सकता है। अब देखना होगा कि उनकी ड्रेस को खरीदने वाला कोई मिलता है या यह भी केवल चर्चा का हिस्सा बनकर रह जाती है। बता दें कि उर्फी जावेद, जो अपने अनोखे ड्रेसिंग स्टाइल के लिए जानी जाती हैं, अब अपने टैलेंट के दम पर नई पहचान बना रही हैं। जहां पहले सोशल मीडिया पर लोग उनकी आलोचना करते थे, वहीं अब सेलिब्रिटीज और फैंस उनकी तारीफ करने लगे हैं।

# तीन दिनों की कमजोरी के बाद महंगा हुआ सोना, चांदी के दाम में बदलाव नहीं

नई दिल्ली । लगातार तीन दिनों की गिरावट के बाद आज घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 400 रुपये से 4300 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये से लेकर 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये से लेकर 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बना हुआ है। चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत आज भी 91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,830 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,930 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 71,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# 1 मई, 2025 को रिलीज होगी अजय देवगन की फिल्म रेड 2




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन की फिल्म रेड 2, 1 मई, 2025 को रिलीज होगी। अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में है। इसी बीच अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म 'रेड 2' की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। राज कुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2' 1 मई, 2025 को सिनेमाघरों में आएगी। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर रेड 2 की अपडेट शेयर की है। अजय ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू होगा। रेड 2,1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।फिल्म रेड 2 का निर्माण भूषण कुमार, कुमार मंगत पाठक, अभिषेक पाठक और कृष्ण कुमार ने किया है। फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज द्वारा प्रस्तुत किया गया है और यह पैनोरमा स्टूडियोज द्वारा निर्मित है। रेड 2 में अजय देवगन के अलावा रितेश देशमुख, वाणी कपूर और रजत कपूर मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। यह फिल्म वर्ष 2018 में प्रदर्शित अजय देवगन की सुपरहिट फिल्म रेड की सीक्वल है।

# एकता कपूर पहुंची पुरी, भगवान जगन्नाथ के किए दर्शन



मुंबई । 'द साबरमती रिपोर्ट' की निर्माता एकता कपूर जगन्नाथ पुरी पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन-पूजन किए। इसके बाद एकता ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर एकता कपूर ने कैप्शन में लिखा, जगन्नाथ पुरी, जय गोविंदा। वीडियो में कपूर मंदिर के शिखर के सामने हाथ जोड़े खड़ी नजर आ रहीं। कपूर के साथ वीडियो में फिल्म निर्माता अंशुल मोहन भी नजर आए। एकता कपूर अपनी हालिया रिलीज 'द साबरमती रिपोर्ट' को देश भर में मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया से बेहद खुश हैं। फिल्म के हिस्से में कई उपलब्धियां जुड़ चुकी हैं। फिल्म को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही राजनीतिक जगत की अन्य कई दिग्गज हस्तियों की ओर से तारीफें मिल चुकी हैं। यही नहीं, गुजरात के गोधरा कांड पर बनी 'द साबरमती रिपोर्ट' को देश भर के कई राज्यों में टैक्स फ्री भी कर दिया गया। विक्रांत मैसी, राशि खन्ना, रिद्धि डोगरा स्टारर फिल्म को टैक्स फ्री करने वाले राज्यों की लिस्ट में गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के साथ ही ओडिशा भी शामिल है। फिल्म की रिलीज के बाद से ही एकता कपूर का राजनीतिक हस्तियों से मुलाकात का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में एकता हाल ही में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी से मुलाकात की। संसद के बालयोगी ऑडिटोरियम में रखी गई फिल्म की स्क्रीनिंग में शामिल हुए पीएम मोदी का आभार जताते हुए एकता कपूर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट भी शेयर किया था। पोस्ट में उन्होंने खुद को गर्व और कृतज्ञता से भरा बताया और समर्थन के लिए धन्यवाद भी देती नजर आईं। 'द साबरमती रिपोर्ट' की खास स्क्रीनिंग पर पीएम के साथ गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, कंगना रनौत, जितेंद्र समेत अन्य मंत्री-सांसद व एक्टर्स पहुंचे थे। 'द साबरमती रिपोर्ट' 15 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

# ईपीएफओ निवेश कोष 5 साल में दोगुना होकर 24.75 लाख करोड़ रुपये हुआ



नई दिल्ली । सरकारी आंकड़ों के अनुसार, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के निवेश कोष में कुल राशि पिछले पांच वर्षों में दोगुनी से अधिक होकर वित्त वर्ष 2023-2024 में 24.75 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जो 2019-20 में 11.1 लाख करोड़ रुपये थी। ईपीएफओ वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा अधिसूचित निवेश के पैटर्न के अनुसार धन का निवेश करता है। ये निवेश निर्धारित पैटर्न के अनुसार डेट सिक्योरिटीज और एक्सचेंज-ट्रेडड फंड में किए गए हैं। 31 मार्च, 2015 को आयोजित केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी), ईपीएफ की 207वीं बैठक की मंजूरी के अनुसार, ईपीएफओ ने अगस्त 2015 से एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड में निवेश शुरू किया। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने लोकसभा को बताया कि 31 मार्च, 2024 तक ईपीएफओ द्वारा प्रबंधित विभिन्न फंडों का कुल कोष 24.75 लाख करोड़ रुपये था। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ईपीएफओ नियमित रूप से बीएसई-सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी-50 सूचकांकों को देखते हुए एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से इक्विटी बाजारों में निवेश करता है। इसके अलावा, ईपीएफओ ने समय-समय पर ऐसे ईटीएफ में भी निवेश किया है, जिन्हें विशेष रूप से भारत सरकार के निकाय कॉरपोरेट्स में शेयरधारिता के विनिवेश के लिए बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, ईपीएफओ ने 2024-25 में अक्टूबर 2024 तक की अवधि के दौरान ईटीएफ में 34-,207.93 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ईपीएफओ बोर्ड ने सदस्यों की आय बढ़ाने के लिए ईटीएफ के लिए रिडेम्प्शन नीति को मंजूरी दी 30 नवंबर को श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में ईपीएफओ केंद्रीय न्यासी बोर्ड की बैठक में ईपीएफ योजना के 'ब्याज खाते' के लिए अधिक आय उत्पन्न करने के लिए सीपीएसई और भारत 22 में एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) निवेश के लिए रिडेम्प्शन नीति को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, नीति में न्यूनतम पांच साल की होल्डिंग, सरकारी प्रतिभूतियों से अधिक रिटर्न और सीपीएसई और भारत 22 सूचकांकों से अधिक प्रदर्शन अनिवार्य किया गया है। सीबीटी ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड द्वारा विनियमित सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) प्रायोजित इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट)/रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) द्वारा जारी इकाइयों में निवेश के लिए दिशा-निर्देशों को भी मंजूरी दी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# ट्रांसफार्मर ठीक कर रहा लाइनमैन करंट से झुलसा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। एक कर्मचारी फाल्ट ठीक करते समय करंट की चपेट में आ गया। आरोप है कि शट डाउन के बाद तैनात कर्मचारी ने लाइन को चालू कर दिया। जिससे कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। बुधवार को अमरगढ़ क्षेत्र के गांव मदनगढ़ निवासी लाइनमैन नरेश ऊंचागांव की खराब लाइन को केन्द्र से शटडाउन लेकर ठीक करने के लिए गया था। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि जिसके बाद वहां तैनात जिम्मेदार कर्मचारी ने शटडाउन होते हुए भी लाइन को विद्युत आपूर्ति चालू कर दी। इस दौरान लाइनमैन ट्रांसफार्मर पर चढ़ कर लाइन को ठीक कर रहा था। ट्रांसफार्मर में बिजली आने से उसको तेज करंट लग गया और उपर से नीचे गिर गया। जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। ग्रामीणों ने घायल को उपचार के लिए सीएचसीऊंचागांव पर भर्ती कराया है। सूचना पर लाइनमैन के परिजन भी मौके पर पहुंच गए और बिजली विभाग के अधिकारियों से शिकायत की है। इस संबंध में एसडीओ प्रदीप कुमार नहीं बताया कि करंट लगने से लाइनमैन झुलसा है। मामले की जांच की जाएगी।

# रिटायर्ड फौजी का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला,संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। नरसेना थाना क्षेत्र में एक रिटायर्ड फौजी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई। उसका शव घर में फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचित किए और पोस्टमार्टम के बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। प्राप्त विवरण नुसार नरसेना थाना क्षेत्र में रिटायर्ड फौजी की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव घर में ही फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। फौजी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। हालांकि मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई और बगैर पोस्टमार्टम के ही गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। क्षेत्र के एक गांव निवासी सेवानिवृत्त फौजी मंगलवार की सायं कमरे में सोने चला गया था। बुधवार की सुबह होने पर जब उसके कमरे का दरवाजा नही खुला तो उसकी पत्नी ने आवाज लगाई। कमरे के अंदर से कोई जवाब नही आने पर उसने पड़ोसियों को बुलाया। खिड़की से झांक कर अंदर देखा तो उसका शव फंदे पर लटका हुआ था। ग्रामीणों ने एकत्र होकर दरवाजे को तोड़कर उसके शव को उतारा गया। परिजनों ने जिसके बाद आनन फानन में पुलिस को बिना सूचना दिए ही अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम का कहना है कि मामले की जानकारी नहीं है।

# एक दिन खंड शिक्षा अधिकारी बनी छात्रा कुमारी प्राची



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। बुधवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पहासू की कक्षा 8 की छात्रा कुमारी प्राची को कार्यालय खंड शिक्षा अधिकारी पहासू का एक दिवसीय सांकेतिक खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मीकांत पांडे ने बताया कि परियोजना द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत नारी शक्ति को मजबूती प्रदान करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। जिसमें मेधावी छात्रा को जनपद स्तरीय अधिकारी के रूप में एक दिन का सांकेतिक अधिकारी बनाया जाता है। इसी क्रम में अमित गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी पहासू के द्वारा कु0 प्राची कक्षा 8 की छात्रा को खंड शिक्षा अधिकारी पहासू का एक दिवसीय सांकेतिक अधिकारी बनाया गया इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमित गुप्ता कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्रभारी वार्डन विजयलक्ष्मी अमित कुमार कुलदीप नीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति ने सौंपा ज्ञापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। पुलिस अधीक्षक देहात व नगर बुलंदशहर जी को ज्ञापन सौंपा जिसमें गौतम बुध नगर कि किसानों को जबरन अरेस्ट किए जाने को लेकर भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मांग की है किसानों को तुरंत रिहा करा कर किसने की मांगों को पूरा किया जाए क्योंकि किसानो की कृषि उपजाऊ भूमि सरकार ने ले ली है अब किस कैसे कहां से परिवार का पालन पोषण करें रोजगार तक खत्म हो गया किसानों को 64% मुआवजा डिकर एक-एक प्लाट व नौकरी उपलब्ध कराई जाए किसानों के पास आमदनी का कोई जरिया नहीं है उसके बावजूद भी सरकार ने ने दर्जनों राष्ट्रीय किसान नेताओं सहित किसानों को जो अरेस्ट किया है उनको तुरंत रिहा कराया जाए क्योंकि किसानों को अपमान बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति

# चेहरे पर मुक्का मारकर की थी बुजुर्ग किसान की हत्या

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी थाना क्षेत्र के गांव नत्थूगढ़ी निवासी वृद्ध किसान प्रेमवीर सिंह तेवतिया की हत्या चेहरे और सीने पर मुक्का मारकर की गई थी। पुलिस ने उसके सगे भतीजे और रिश्ते के पोते को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में बंटी और लवी निवासी गांव नत्थूगढ़ी शामिल हैं। एक भतीजा मुकेश अभी फरार है। गिरफ्तार एक आरोपी लवी दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल है। जोकि ट्रेनिंगरत था। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को जेल भेज दिया है। सीओ0पूर्णिमा सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि बुजुर्ग किसान प्रेमवीर और तीन आरोपियों ने एक साथ ट्यूबवेल पर शराब पी थी। शराब पीने के दौरान बुजुर्ग किसान प्रेमवीर से उनकी कहासुनी और गाली-गलौज हो गई। इसके बाद आरोपियों ने बुजुर्ग किसान प्रेमवीर के चेहरे और सीने पर मुक्कों से हमला कर दिया। इससे प्रेमवीर की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से घटना के समय पहनी जैकेट भी बरामद की गई हैं। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# वैदिक ज्ञान के पालन से ही बचेगा सनातन- आचार्य योगेश वैदिक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुजरात के गांधीनगर स्थित दर्शन योग धाम से तीन दिवसीय प्रवास पर बुलंदशहर पधारे आचार्य योगेश वैदिक ने शाश्वत वैदिक ज्ञान को अपनाकर सनातन संस्कृति की रक्षा का आह्वान किया। उन्होंने अपने व्याख्यान व प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जिज्ञासा समाधान भी किया। मंगलवार रात्रि को राजेबाबू रोड स्थित संघ कार्यालय पर आर्य समाज, राष्ट्र चेतना मिशन एवं लाला रामगोपाल वैदिक शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे वैदिक विद्वान एवं दर्शन शास्त्र के राष्ट्रीय वक्ता आचार्य योगेश वैदिक सहित मंचस्थ अतिथियों का राष्ट्र चेतना मिशन के अध्यक्ष हेमन्त सिंह एवं भाजपा नेता लोकेन्द्र सिंह ने माला पहनाकर तथा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। आचार्य योगेश वैदिक ने अपने व्याख्यान में वेदों के ज्ञान और संदेशों को उद्धृत करते हुए सनातन धर्म की परिभाषा, लक्षण और भारतीय संस्कृति की श्रेष्ठता का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से आज सनातनी हिन्दू समाज वैदिक परंपराओं को भूलकर अनावश्यक आडंबरों में उलझा हुआ है। आधुनिकता की अंधी दौड़ में घर, परिवार, समाज सभी का विघटन और पतन हो रहा है। ऐसे वातावरण में वेदों के ज्ञान का पालन ही एकमात्र रक्षा कवच है। इसलिए भारत और सनातन धर्म के भविष्य को बचाने के लिए व्यक्तिगत लोभ और स्वार्थों से ऊपर उठकर सभी प्रकार के मतभेद और भेदभाव छोड़कर संगठित होना होगा। बांग्लादेशी हिंदू समाज के प्रति घोर चिंता व्यक्त करते हुए भारतवासी हिंदू समाज



को भी सचेत और सावधान रहने का आह्वान किया। संबोधन के उपरान्त उपस्थित बुद्धिजीवियों के विभिन्न प्रश्नों और जिज्ञासाओं के भी वेदोक्त समाधान कर ज्ञान संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात व्यवसायी एवं मेडिकल दर्पण के संचालक बृजेश गर्ग एवं संचालन आर्य समाज के स्थानीय प्रचारक मनोज योगाचार्य ने किया। कार्यक्रम में स्वामी जगदीश्वरानंद, राष्ट्र चेतना मिशन अध्यक्ष हेमन्त सिंह, मेडिकल दर्पण के बृजेश गर्ग, आर्य समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सुशील आर्य, आर्यवीर दल के जिला संयोजक चन्द्रशेखर सोलंकी, भाजपा नेता लोकेन्द्र सिंह, कपिल राणा, मयूर अग्रवाल, आचार्य कृष्ण मिश्रा, अरुण राजपूत, विकास सिंह, शिवम पंडित, निशांत अग्रवाल, रवि राजपूत, सचिन गर्ग, हिमांशु राणा, कुलदीप अग्रवाल, लवकुश आर्य आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा के बूथ गठन में पहासू मंडल प्रथम



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । भाजपा कार्यालय में मंगलवार की शाम संगठन चुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में भाजपा के मुख्य चुनाव अधिकारी व क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष ने जनपद में संगठन चुनाव को लेकर पहासू मंडल को प्रथम, अहमदगढ़ मंडल द्वितीय सहित अमरगढ़ मंडल को तृतीय स्थान दिया है। संगठन चुनाव कराने वाले मंडल अध्यक्ष और चुनाव अधिकारियों को सम्मानित किया। बुलंदशहर जिला कार्यालय पर में मंगलवार शाम को संगठन पर्व 2024 को लेकर महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक का शुभारंभ मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्व में मंत्री व वर्तमान में बदांयू से विधायक महेश गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश मंत्री व जिले के प्रभारी बसंत त्यागी सहित जिलाध्यक्ष विकास चौहान ने संयुक्त रूप से किया। जनपद के मुख्य चुनाव अधिकारी पूर्व में मंत्री व वर्तमान में बदांयू से विधायक महेश गुप्ता के निर्देश पर जनपद में मंडल संगठन का चुनाव सम्पन्न हुआ है। जिसमें पहासू मंडल के चुनाव अधिकारी परविंदर देशवाल के नेतृत्व में 104 बूथों का चुनाव कराया गया। जिसकी रिपोर्ट जिलाध्यक्ष विकास चौहान, जिला उपाध्यक्ष दीपक ऋषि, जिला चुनाव अधिकारी शंभू सिंह को सौंप दी। जिसमें अहमदगढ़ मंडल चुनाव अधिकारी ईजी, राजीव राघव के नेतृत्व में चुनाव संपर्क कराया गया। जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने बताया जनपद में संगठन चुनाव में पहासू मंडल चुनाव कराने में प्रथम, अहमदगढ़ मंडल द्वितीय सहित अमरगढ़ मंडल तृतीय स्थान पर रहा है। संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी ने अच्छा प्रदर्शन करने वाले चुनाव अधिकारी सहित मंडल अध्यक्ष सहित मंडल की टीम को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया है।

# प्रभावी पैरवी कर दुष्कर्म करने के आरोपी को 20 वर्ष का कठोर कारावास व 22,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त राशिद पुत्र अनवार निवासी फैसलाबाद थाना कोतवाली नगर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष- 2020 में थाना कोतवाली नगर क्षेत्र निवासी एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 03.03.2020 को थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 271/20 धारा 376/506 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 18.05.2020 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 07 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 04.12.2024 को न्यायाधीश श्री तरुण कुमार सिंह (मा0 न्यायालय स्पेशल पोक्सो जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त राशिद को 20 वर्ष का कारावास व 22,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री सुनील शर्मा, श्री वरुण कौशिक व श्री आशुतोष का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# प्रभावी पैरवी कर दहेज हत्या के आरोपी को 09 वर्ष का कारावास व 5,000/- रूपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त पुष्पेन्द्र पुत्र गुलाब सिंह निवासी सहकारी नगर जोखाबाद थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2018 में अपनी पत्नी से दहेज के लिए मांग करना व मांग पूरी न होने पर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 28.05.2018 को थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं - 438/2018 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पजीकृत किया गया तथा दिनांक 17.07.2018 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध 07 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 04.12.2024 को न्यायाधीश श्री शिवानन्द (मा0 न्यायालय एडीजे/एफटीसी-03 बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त पुष्पेन्द्र को 09 वर्ष का कारावास व 5,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री ध्रुव कुमार वर्मा व श्री भूपेन्द्र राजूपत का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

# नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जाने से रोकना संविधान का उल्लंघन-ज्ञानेंद्र सिंह राघव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अनूपशहर बुधवार को जिला महासचिव कांग्रेस ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने कहा है कि भारतीय संसद मे नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी को भाजपा सरकार द्वारा सँभल जाने से पुलिस के दम पर रोकना संविधान विरोधी कृत्य है, सरकार संभल में हुए लोगो पर अत्याचार और सच छिपाना चाहती है, इसे सारा देश समझ रहा है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भारतीय संसद मे नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी एवं वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी को पुलिस ने बुधवार को संभल के हालात जानने और पीडित व मृतको के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करने जाते समय यूपी बार्डर पर जबरन रोक



दिया, बताया जाता है कि कई घंटे धरना देने के बावजूद पुलिस अधिकारियो ने उन्हे आगे जाने देने से इंकार कर दिया जिसके कारण उन्हे वापस दिल्ली लौटना पड़ा है, इस मामले को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं मे खासा उबाल है और व भाजपा सरकार पर भारतीय संविधान के नियमो का उल्लंघन करने तथा संभल का सच उजागर न हो इसके लिए विपक्षी नेताओ को पुलिस के दम पर संभल जाने से रोकने का आरोप लगा रहे हैं, इसी कडी में ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि कम से कम यूपी मे भाजपाई नेता तानाशाही पर उतर आये हैं उनके लिये संविधान मजाक बन कर रह गया है, प्रशासन भाजपाईयो का पिछलग्गू बना हुआ है, उन्होने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को देश में कही भी जाने से रोका नही जा सकता है लेकिन भाजपाई सरकार इसे मानने को तैयार नही हैं।

# राहुल और प्रियंका गांधी को संभल जाने से रोकना तानाशाही, यूपी में लगे राष्ट्रपति शासन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । बुधवार को नेता विपक्ष राहुल गांधी के संभल हिंसा के पीड़ितों से मिलने जाने के लिए बुलंदशहर के कांग्रेसी तड़के ही दिल्ली के लिए पूर्व विधायक प्रत्याशी, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष जियाउर्रहमान के नेतृत्व में पुलिस को चकमा देकर रवाना हो गए । जियाउर्रहमान के साथ दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ सम्भल जाने के लिए गाजीपुर बॉर्डर पहुंचे। बुधवार तड़के ही कांग्रेस के पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान बुलंदशहर से पुलिस को चकमा देकर दिल्ली के लिए रवाना हुए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ गाजीपुर बॉर्डर पर योगी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को गाजीपुर बॉर्डर पर पुलिस ने जब संभल जाने से रोका तो बुलंदशहर के कांग्रेसियों ने नारेबाजी की और प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता जियाउर्रहमान ने कहा कि संभल में योगी सरकार ने षडयंत्र के तहत पुलिस से पांच युवकों की हत्या करवाई है। उन्होंने कहा कि भाजपा अल्पसंख्यकों को टारगेट करके जुल्म ज्यादती कर रही है, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का पीड़ितों का दर्द जानने जाना जरूरी है । उन्होंने कहा कि पुलिस कांग्रेस कार्यकर्ताओं को घरों में रोक रही है और परेशान कर रही है । उन्होंने कहा कि बुलंदशहर के कार्यकर्ता हर कीमत पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के साथ खड़े हैं । उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को संभल




जाने से रोकना तानाशाही है । जियाउर्रहमान ने कहा कि यूपी में अफसरशाही हावी है और पुलिस मासूमों की हत्या कर रही है। उन्होंने यूपी में राष्ट्रपति शासन लगाने और योगी सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है। बुलंदशहर से गाजीपुर बॉर्डर जाने वालों में पूर्व विधायक प्रत्याशी जियाउर्रहमान, सुभाष गांधी, इसराइल गहलोत, शुभम कौशिक, सचिन वशिष्ठ, नरेंद्र चौधरी, अखंड प्रताप सिंह, सुरेंद्र उपाध्याय, नरेश बाल्मिकी, देवरंजन नागर, हारून खान, आदिल खान, शानू ठाकुर, कुंवर सोनू, यतन पंडित, नवीन शर्मा, पौरुष शर्मा, ऋषि गौतम, उम्मेद सूर्यवंशी, मेराज अली, साजिद चौधरी आदि मौजूद रहे ।

# नगर पंचायत अब जारी करेगी पावरफुल अवैध कब्जे धारकों को नोटिस बोर्ड उखाड़ फेंकने वालों के खिलाफ दी थाने पर तहरीर

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। राजेन्द्र अग्रवाल मंगलवार को नगर पंचायत अधिकारियों के पक्षपातपूर्ण व्यवहार, आधी अधूरी तैयारी और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के चलते अतिक्रमण हटाओ अभियान के टांय-टांय फिस्स हो जाने के बाद नगर पंचायत औरंगाबाद के अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर ने बताया कि नगर पंचायत की बेशकीमती जमीनों पर से अवैध कब्जा हटवाने की कार्रवाई जारी रहेगी। मंगलवार को गाटा संख्या 1314 में एक अवैध कब्जे दार का अवैध कब्जा हटवाने के बाद कब्जा मुक्त भूमि पर नगर पंचायत के स्वामित्व का बोर्ड लगा दिया गया था। इस बोर्ड को अवैध कब्जे दार के परिजनों ने तत्काल उखाड़ फैंका था। बाद में नगर पंचायत ने पुनः इस बोर्ड को लगा दिया था। ई ओ ने बताया कि बोर्ड उखाड़ फेंकने वाले लोगों के खिलाफ पत्रांक 71 दिनांक 3 दिसंबर




24 द्वारा सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने की लिखित शिकायत थाने पर दे दी गई है। तहरीर में सुहान पुत्र फहीमुद्दीन कुरैशी, शाहिद, तथा उनके दो अन्य अज्ञात साथियों को नामजद किया गया है । ई ओ ने बताया कि गाटा संख्या 1314जो की नगरपंचायत की मिल्कियत है उसके अन्य अवैध कब्जे धारकों को जिनमें वर्तमान और पूर्व चेयरमैन के परिजन भी शामिल हैं अगले दो दिन के अंदर नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

यदि नोटिस जारी किए जाने के बाद भी कब्जे नहीं हटाये गये तो सभी के खिलाफ कठोर कार्रवाई होगी। देखना दिलचस्प होगा कि अधिशासी अधिकारी सेवा राम राजभर अपनी मुहिम में कितने कामयाब होंगे। नोटिस जारी होंगे या पूर्व की भांति असरदार लोगों के दबाव में मामला दबा दिया जाएगा यह आने वाला वक्त ही ठीक ठीक बता पायेगा।

दूसरी ओर मंगलवार को आन ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार सदर ललित नारायण प्रशांत ने बताया कि मंगलवार को अभियान इसलिए स्थगित करना पड़ा था कि नगर पंचायत ने सिर्फ जहांगीराबाद चौराहे तक ही अवैध अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटाने के नोटिस जारी किए थे।

# उत्तर प्रदेश के जंगलराज का हाल देखिए,देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी उत्तर प्रदेश प्रवेश नहीं करने दिया-सैयद मुनीर अकबर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। से उत्तर प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष सैयद मुनीर अकबर के नेतृत्व में संभल हिंसा के पीड़ित परिवारों से मिलने के लिए श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल आज़ दिल्ली से सड़क मार्ग से संभल की ओर प्रस्थान करना था। लेकिन गाजियाबाद प्रशासन ने हमलोग संघर्ष में राहुल गांधी जी साथ देने के लिए, मैं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल के साथ ग़ाज़ीपुर बॉर्डर पर एकत्रित होकर संभल के लिए प्रस्थान नहीं करने दिया। सैयद मुनीर अकबर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के जंगलराज का हाल देखिए, देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी अब उत्तर प्रदेश में प्रवेश नहीं कर सकते। उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव पौरूष शर्मा ने कहा कि क्या नेता प्रतिपक्ष संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मिलने जाने वाले थे जाने दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी ने कहा कि क्या देश के नेता प्रतिपक्ष अपनी ही देश की पीड़ित जनता से नहीं मिल सकते? भाजपा के लिए संविधान और संवैधानिक पदों से बड़ा उनका अहंकार है जो संविधान की पीठ में छुरा भोंकने से और अधिक मजबूत होता है। इस संघर्ष में अपना अमूल्य योगदान दें। लोकतंत्र और न्याय की लड़ाई में आपका साथ आवश्यक है। इसे मौके पर पुर्व जिला अध्यक्ष सुभाष गांधी, सैयद मुनीर अकबर,उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व महासचिव पौरूष शर्मा,नवीन शर्मानज़र मोहम्मद, नासिर अली, योगेन्द्र सिंह, वीरपाल जाटव, आरिफ खान फरीद अहमद फ़ैज़ अहमद अनुप कुमार शर्मा मनीष तिवारी भुपेंद्र जाटव आनंद वर्मा भोपाल यादव चमन लाल आदि मौजूद थे

# बुलंदशहर जिले के स्कूल , कॉलेज के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के बारे मे जागरूक कर रहा चौपाल फाउंडेशन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर बसंती देवी महाविधालय देवली गुलावठी में चौपाल फाउंडेशन ने साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें लोगों को साइबर क्राइम से बचने की जानकारी दी गई और इसके साथ सोशल मीडिया के माध्यम से साइबर ठगी से बचाव के बारे में भी बताया कार्यक्रम में उपस्थित रहे बुलंदशहर के सहायक पुलिस अधीक्षक श्रीमान ऋजुल कुमार जी ने बताया कि साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिस में कंप्यूटर और नेटवर्क शामिल है। किसी भी कंप्यूटर का अपराधिक स्थान पर मिलना या कंप्यूटर से कोई अपराध करना कंप्यूटर अपराध कहलाता है। कंप्यूटर अपराध मे नेटवर्क शामिल नही होता है। किसी कि निजी जानकारी को प्राप्त करना और उसका गलत इस्तेमाल करना। साइबर क्राइम में आपको कोई भी व्यक्ति आपसे संपर्क करे और पैसे का लेनदेन करें और वो आपके परिवार या जानकारी का हिस्सा न्ही है तो साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें कार्यकम में फाउंडेशन के अध्यक्ष श्रीमान दर्श वत्स जी भी उपस्थित रहे उन्होंने फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी यह संस्था पिछले 4 साल से सामाजिक कार्य कर रही है बुलन्दशहर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के पिछले दिनों 30 दिन लगातार कार्य किया था जिसकी एसएसपी बुलंदशहर ने भी सराहना की थी कार्यक्रम में सिकंदराबाद की क्षेत्राधिकारी पूर्णिमा सिंह जी भी उपस्थित रही पूर्णिमा सिंह ने बताया की साइबर अपराध कंप्यूटर, इंटरनेट या नेटवर्क उपकरणों से जुड़ी अवैध गतिविधि है। साइबर अपराधी पहचान की चोरी करते हैं, फ़िशिंग घोटाले शुरू करते हैं, मैलवेयर फैलाते हैं और अन्य डिजिटल हमले करते हैं। साइबर क्राइम के साथ छात्राओं को मिशन शक्ति के वारे में बताया कि महिला हेल्प डेस्क महिलाओ के स्ट्रोकिंग , भद्द कमेंट करने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई करती है अगर किसी महिला के साथ ऐसा होता है तो वह महिला पुलिस को सूचित कर सकती हैं एवं चौपाल फाउंडेशन की में आभारी हूँ उन्होंने यह कार्यक्रम आयोजित किया आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहे ताकि समाज में बदलाव हो सके इस मुहिम में सभी को भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए कार्यक्रम में गुलावठी थाना प्रभारी श्रीमती सुनीता मलिक जी एवं चौपाल फाउंडेशन के जिला सह संयोजक विनीत जी, भोपंदर जी ग्राम स्योज़क हिमांशु जी , सुमित जी,



रोहित जी आदि लोग उपस्थित रहे

# गाजियाबाद में दिनांक 06.12.2024 को प्रातः 11.00 से सांय 3. 00 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

गाजियाबाद। बेरोजगार युवक-युवतियों के लिये जिला सेवायोजन कार्यालय, गाजियाबाद में दिनांक 06.12.2024 को प्रातः 11.00 से सांय 3. 00 तक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की श्री राम पिस्टन एण्ड रिंग्स लि0 गाजियाबाद कम्पनी 100 से अधिक रिक्तियो के चयन करने हेतु प्रतिभाग कर रही है। रोजगार मेले में हाईस्कूल से इन्टरमीडिएट एंव आई0टी0आई0 पास अभ्यार्थी जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते है। इस कम्पनी द्वारा मशीन ऑपरेटर / हैल्पर पदों के लिए भर्ती की जायेगी । प्रतिभागी अभ्यर्थियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष है वेतनमान 10000 से 16000 रू0 प्रतिमाह है। रोजगार मेलें में प्रतिभाग करने की प्रक्रिया निम्नलिखित है। (1) पंजीकरण की प्रक्रिया:- सर्वप्रथम इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट rojgaarsangam.up.go.in पर जाकर जॉब सीकर के रूप में स्वंय को पंजीकृत करेंगें। पंजीकरण के समय अभ्यर्थी को उसकी लॉगइन आई डी एवं पासवर्ड प्राप्त होगा तत्पश्चात अभ्यर्थी प्राप्त आई डी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर व्यक्तिगत विवरण एवं शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित फॉर्म भरेगें । अंतिम पृष्ठ को भरने के पश्चात जब अभ्यर्थी सबमिट करेंगें तो उन्हें पंजीकरण संख्या प्राप्त होगा। यह पंजीकरण संख्या तीन वर्ष तक मान्य होगा। तीन वर्ष के पश्चात 15 दिनों के अन्दर नवीनीकरण करना होगा अन्यथा यह पंजीकरण रद्द हो जायेगा। (पंजीकरण निशुल्क है) (2) रोजगार मेलें में आवेदन की प्रक्रिया -रोजगार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट Sign Up पर जाकर होम पेज पर Job Seeker पर क्लिक करेगें। उसके पश्चात रोजगार मेला नौकरियों पर जनपद गाजियाबाद में सर्च करेगें । सर्च आईकॉन पर क्लिक करते ही जनपद गाजियाबाद में रोजगार मेलें में शामिल सभी नौकरियों का विवरण उपलब्ध हो जायेगा। योग्यतानुसार नौकरी का चयन कर उसके सामने आवेदन करें पर क्लिक करें।

# सोसायटी के एक दिन के चेयरमैन माजिद ने भाजपा जिला अध्यक्ष से मिलकर जताया सरकार का आभार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष मो दानिश कुरेशी ने बताया कि एक दिन के चेयरमैन माजिद ने भाजपा के जिला अध्यक्ष जी से मिलने की इच्छा जाहिर की गई थी ताकि योगी मोदी की सरकार दिव्यांगों के हित में जो अच्छा कार्य कर रही है और दिव्यांगों की समस्याओं को भी अधिकारी प्राथमिकता से हल कर रहे हैं उनका आभार व्यक्त करने के लिए तो आज माजिद को उनके नेतृत्व में जिला कार्यालय ले जाया गया हैं, जहा पर उन्होने भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर से मुलाकात कर मोदी योगी जी का आभार व्यक्त किया, माजिद ने योगी मोदी की प्रशंसा करते हुए कहां की योगी मोदी दिव्यांगों के लिए बहुत अच्छा कार्य कर रही है, एक दिन के दिव्यांग चेयरमैन माजिद ने जिलाधिकारी कार्यालय,पुलिस अधीक्षक कार्यालय व विकास भवन व नगर पालिका हापुड मे जाकर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी ली और कहा कि जब से जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, अपर जिलाधिकारी श्री संदीप कुमार व डिप्टी कलेक्टर व अधिशासी अधिकारी श्री मनोज कुमार जनपद मे आए हैं जबसे दिव्यांगों को सम्मान मिल रहा है और दिव्यांगों की समस्याएं भी हल हो रही है, भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, जिला महामंत्री मोहन सिंह, राजीव सिरोही, पुनीत गोयल, श्यामेंद्र त्यागी, मौ दानिश कुरैशी कार्यकारी चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष सुनील वर्मा, सोनू गर्ग महामंत्री महेश तोमर, राजू पारीक राजेश सक्सेना, सुनील सैनी, मो फैज आदि उपस्थित रहे।

# परिवार गया शादी में चोरों ने घर में रखी नकदी और आभूषण किए चोरी






**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । पहासू थाने के कस्बा पहासू में दीपक गहलौत पुत्र रमेश चंद अपने साले की शादी समारोह में परिवार के साथ गए थे उसके बाद घर में चोरों ने चोरी की घटना को दिया था अंजाम। उधर बताया गया है कि चोर पीड़ित परिवार की ज्वेलरी और नगदी लेकर फरार हो गए हैं।पीड़ित परिवार ने चोरी की घटना की पहासू थाने पर तहरीर दे दी गई है। जिसमें करीब 8 से 9 लाख रुपए की चोरी होने के बाद परिवार के लोग सदमे में हैं।चोरों ने करीब 8 से 9 लाख की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।पहासू थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटना से पुलिस की कार्यशैली पर उठने लगे है सवालिया निशान चोरों ने पीड़ित परिवार के घर से चोरी करने के बाद कैमरे की डीबीआर और ज्वेलरी और नगदी लेकर फरार हो गए हैं फिलहाल पुलिस ने चोरी के मामले में जांच पड़ताल शुरू कर दी हैं।

# प्रदेश सरकार आखिर राहुल गांधी को संभल जाने की अनुमति क्यों नहीं दे रही हैं - कांग्रेस

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**



हापुड़। नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के संभल दौरे में शामिल होने के लिए आज दिनांक 4 दिसंबर 2024 दिन बुधवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल के नेतृत्व में कांग्रेस जन दिल्ली यूपी गेट पर पहुंचे। जहां नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को प्रशासन द्वारा संभल न जाने की अनुमति को लेकर यूपी के विभिन्न जनपदों से पहुंचे कांग्रेस जनों ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ अपना कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। हापुड़ शहर के कांग्रेस जनों ने भी यूपी गेट पर पहुंचकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराई और रोष व्यक्त किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार संवैधानिक शक्तियों का दुरुपयोग करके जननायक और नेता प्रतिपक्ष आदरणीय राहुल गांधी जी को संभल जाने की अनुमति नहीं दे रही हैं। उन्होंने कहा हैं कि आखिर क्यों हमारे नेता राहुल गांधी जी को संभल जाने से रोका जा रहा हैं? सरकार का ये रवैया बेहद ही निंदनीय हैं। उन्होंने कहा हैं कि नेता प्रतिपक्ष होने के नाते राहुल गांधी जी को संभल हिंसा में मारे गए नौजवानों के पीड़ित परिवार से मुलाकात करने का पूरा अधिकार हैं। मौजूदा हुकूमत द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी को पीड़ित परिवार से मिलने न देना संवैधानिक अधिकारों का हनन हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा ने कहा हैं कि संभल हिंसा में पीड़ित परिवार से मिलने के लिए केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार कितनी भी ताकतें लगा ले, कितना भी संवैधानिक शक्तियों का दुरुप्रयोग कर ले। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी हर परिस्थिति में उन पीड़ित परिवारों से मुलाकात करने के लिए जरूर पहुंचेंगे। उन्होंने कहा हैं कि संभल हिंसा की सच्चाई को केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार देश की जनता से छिपाने का काम कर रही हैं। लेकिन आज नहीं तो कल देश की जनता को संभल हिंसा की सच्चाई का पता चल ही जायेगा। प्रदर्शन में जितेंद्र सिंह, गौरव गर्ग, सुशील शर्मा, विक्की शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुबोध शास्त्री, हृदय प्रकाश, तारेश्वर त्यागी, यशपाल सिंह, सुखपाल गौतम, अमित सैनी, ज़करिया मनसबी आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे.!

# जनपद के 118 विद्यालयों में हुआ परख आकलन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में दिनांक 4 दिसंबर 2024 को कक्षा 3, 6 एवं 9 में छात्रों की प्रगति के आंकलन लिए भाषा,गणित एवं पर्यावरण अध्ययन पर आधारित पूरे देशभर में परीक्षा का आयोजन कराया गया जिसमें जनपद हापुड़ के 118 विद्यालयों में उक्त परीक्षा का आयोजन हुआ उक्त 118 विद्यालयों में परिषदीय ,सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त ,कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तथा इंटर कॉलेज सम्मिलित रहे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय बक्सर एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय भोवापुर का निरीक्षण किया गया एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदया द्वारा दीवान पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय विद्यालय में कक्षा 6 में परीक्षा चल रही थी तथा शत प्रतिशत उपस्थिति पाई गई। फील्ड इन्वेस्टिगेटर एवं आब्जर्वर समय से उपस्थित थे परीक्षा नकलविहीन शुचितापूर्ण चल रही थी। विद्यालय में परीक्षा के उपरांत छात्रों द्वारा छात्र प्रश्नावली,शिक्षकों द्वारा शिक्षक प्रश्नावली तथा प्रधानाध्यापकों द्वारा स्कूल प्रश्नावली को भी भरा गया। सीबीएसई द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए ऑब्जर्वर तथा डाइट द्वारा प्रत्येक विद्यालय के लिए एफ आई नियुक्त किए गए बाहरी पर्यवेक्षकों एवं कक्ष निरीक्षक द्वारा परीक्षा शुचितापूर्वक संपन्न कराई गई। छात्रों की उपस्थिति लगभग शत प्रतिशत रही। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में छात्रों की प्रगति के साथ-साथ दृष्टिकोण एवं आवश्यकताओं को जानना है जिससे कि भविष्य में देश, प्रदेश तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के परिणाम के आधार पर शिक्षा की योजनाएं प्रभावी ढंग से बनाते हुए उन्हें लागू किया जा सके। इस मौके पर जिला प्रशासन, डायट द्वारा भी विद्यालयों का भ्रमण कर परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया जिसमें परीक्षा संचालन बेहतर ढंग से होता हुआ पाया गया। उक्त परीक्षा का परिणाम शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी किया जाएगा जिसमें देशभर के प्रदेशों को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्थान प्राप्त होंगे तथा प्रदेशों में जनपदों की स्थिति को उनके प्रदर्शन के आधार पर स्थान दिए जाएंगे।इस परीक्षा का परिणाम ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र,सरकारी तथा मान्यता प्राप्त विद्यालय, विषय तथा लर्निंग आउटकम पर आधारित प्रदेश एवं जनपद के अनुसार जारी किया जाता है। व्यक्तिगत रूप से विद्यालय का रिजल्ट जारी नहीं किया जाता है।

# बाबूगढ़ पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**
**अमित कुमार**

हापुड़ । बाबूगढ़ मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 04-12-2024 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने व महिला उप निरीक्षक रागिनी भदोरियाव कांस्टेबल ने सरस्वती ज्ञान मंदिर पर गठित एंटी रोमियो टीमों/महिला सुरक्षा दल द्वारा बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं के साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम एवं अभियान को सफल बनाए जाने हेतु शिक्षा संस्थानों इत्यादि स्थनों पर चौपाल लगाकर छात्राओं/बालिकाओं एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर, नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन हेतु सुरक्षा जागरूकता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे उनके अधिकारों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, महिला हेल्प डेस्क, बाल श्रम उन्मूलन, यूपी-112, वीमेन पावर लाइन-1090 व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स, गुड़ टच, बैड टच एवं कल्याणकारी योजनाओं आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया है। इस मौके पर बाबूगढ़ पुलिस गिरीश सिसोदिया कांस्टेबल दीक्षा शर्मा अंकित राठी मंजू रानी टीचर स्टाफ प्रिंसिपल डॉक्टर स्वाति वर्मा सहित आदेश स्टाफ मौजूद रहा।

# केएसजीएमसी में शानदार काम- समय से पहले जन्मे जुड़वां बच्चे

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। केएसजीएमसी में शानदार काम- समय से पहले जन्मे जुड़वां बच्चे विशेषज्ञ देखभाल के तहत स्वस्थ हुए कल्याण सिंह सरकारी मेडिकल कॉलेज को आशा और दृढ़ता की एक प्रेरक कहानी साझा करते हुए खुशी हो रही है, क्योंकि बहुत कम सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि वाले परिवार में समय से पहले जन्मे जुड़वां बच्चों को अस्पताल में असाधारण देखभाल मिलने के बाद स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गई। जुड़वां बच्चे गर्भावस्था के सिर्फ़ 27 सप्ताह में पैदा हुए थे, उनका वज़न लगभग 800 ग्राम और 1000 ग्राम था, और उन्हें श्वसन संकट और सेप्सिस के साथ नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती कराया गया था। चुनौतियों के बावजूद, एनआईसीयू टीम ने समर्पित और उन्नत देखभाल प्रदान की, जिसमें शामिल थे-* सांस लेने में सहायता के लिए सीपीएपी सहायता। * संक्रमण से निपटने के लिए एंटीबायोटिक्स। * बहुत कम वज़न वाले बच्चों के लिए व्यापक देखभाल।* कंगारू मदर केयर (केएमसी) और अन्य विकासात्मक सहायक हस्तक्षेप। कई सप्ताह तक गहन निगरानी और उपचार के बाद, जुड़वाँ बच्चों का वजन अब लगभग 1300 ग्राम और 1500 ग्राम है और माता-पिता के अनुरोध पर उन्हें स्थिर स्थिति में छुट्टी दे दी गई है, साथ ही उन्हें दूध पिलाने की सहनशीलता भी बहुत अच्छी है। उनकी माँ को घर पर निरंतर देखभाल के लिए अत्यधिक प्रेरित और अच्छी तरह से प्रशिक्षित किया गया है। छुट्टी के अवसर पर, माता-पिता ने आभार व्यक्त करते हुए कहा, हम कभी भी किसी निजी अस्पताल में ऐसी देखभाल का खर्च नहीं उठा सकते थे। यहाँ की एन आई सी यू टीम ने हमारे बच्चों के लिए अविश्वसनीय काम किया है। डॉ. मनीषा जिंदल, डॉ. अरुण, डॉ. ब्रजेंद्र, डॉ. नेहा, डॉ. धीर सिंह और डॉ. रोहित वार्ष्णेय ने एन आई सी यू टीम के समर्पण की सराहना की और माता-पिता द्वारा अपने बच्चों के ठीक होने में उनके धैर्य और प्रयासों की भी सराहना की। यह मामला कल्याण सिंह सरकारी मेडिकल कॉलेज में असाधारण देखभाल और प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो दर्शाता है कि अच्छी गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएँ सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना जीवन को बदल सकती हैं।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने अधिकारियों के साथ बेहटा बन्द फाटक अंडरपास निर्माण कार्य की समीक्षा बैठक ली

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



गाजियाबाद। गाजियाबाद. लोनी विधानसभा की बड़ी समस्याओं में से एक बन्द फाटक की वर्षों पुरानी समस्या अब हल होने जा रही है। बुधवार को लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बन्द फाटक पर अंडरपास निर्माण कार्य से जुड़े सभी विभागों की समन्वय बैठक कर, निर्माण में आने वाली सभी समस्याओं को 1 माह में दूर करने को कहा जिससे अंडरपास निर्माण का कार्य को रेलवे शुरू कर सके। इस दौरान बैठक में अधिशासी अधिकारी नगरपालिका लोनी कृष्ण कांत मिश्र, तहसीलदार जय प्रकाश, वरिष्ठ सेक्शन अभियंता उत्तर रेलवे अभिषेक शर्मा, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग एसके सिंह,संजय कुमार एई जल निगम, जेई गुलाब सिंह भाटी, चीफ सेनेट्री इंस्पेक्टर संजीव कुमार, जेई मनोज कुमार, कानूनगो, पटवारी भाजपा नेता ललित शर्मा, गुड्डू दीक्षित व अन्य उपस्थित रहे। कच्चा नाला, बिजली पोल व निर्माणों को दूर कर, शुरू होगा निर्माण कार्य, सभी विभागों ने दी सहमति रेलवे द्वारा निर्माण कार्य में बाधक रेलवे ट्रैक के पास बह रहे कच्चे नाले, विद्युत पोल के स्थानांतरण की समस्या रखी जिसपर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने नगरपालिका को जल्द कच्चे नाले की समस्या को तुरन्त निस्तारित करने, अधिशासी अभियंता को पोल स्थानांतरित करने और अन्य समस्याओं को दूर करने को कहा जिससे रेलवे निर्माण कार्य शुरू सके। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को दिया धन्यवाद, कहा लाखों लोगों को मिलेगा फायदा- विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बैठक के बाद कहा कि अंडरपास निर्माण से दो हिस्सों में बंटी हुई लोनी एकजुट होगी गाजियाबाद और दिल्ली जाने वाले दोनों तरफ के लोगों के समय की बचत होगी। बॉर्डर क्षेत्रवासियों व ग्रामीण क्षेत्र के लाखों लोगों का आवागमन सुगम होगा। लगातार अंडरपास न होने के कारण ट्रेक पार करने के दौरान होनी वाली दुर्घटना पर पूर्ण विराम लगेगा। ज्ञात हो कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर लगातार बन्द फाटक की समस्या को लेकर पहले 2019 में तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल एवं 2023 में वर्तमान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मिलकर बन्द फाटक की समस्या को सामने रखा था जिसके बाद रेलवे एवं अन्य संबंधित विभाग की संयुक्त टीम ने बेहटा बन्द फाटक का संयुक्त निरीक्षण एवं सर्वे के बाद ले-आउट बनाकर अंडरपास की संस्तुति की थी। चुनाव के दौरान स्थानीय लोगों से बन्द फाटक की समस्या के समाधान का लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने वायदा किया था। वहीं दूसरी तरफ लोनी में ओयो होटल बन्द कराने के लिए आंदोलन कर रहे पं ललित शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने विधायक नंदकिशोर गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया। विधायक ने इस दौरान सभी को आश्वस्त करते हुए कहा सभी ओयो/गेस्ट हाउस जल्द बन्द होंगे। विधायक ने अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देशित भी किया।

# इन्टरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस आयोजन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़। पिलखुवा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को इन्टरनेशनल डे ऑफ पर्सन विद डिसेबिलिटी दिवस मनाया गया। सामुदायिक हापुड़ केंद्र पर किया गया। इस दिवस का शुभ आरंभ डॉ सुनील त्यागी सीएमओ द्वारा किया गया। सीएमओ ने कहा कि दिव्यांग कोई अभिशाप नहीं है। बल्कि समाज के मुख्य धारा केंद्र में उन्हें लाना है। जिससे वे लोग अपने आप को अलग ना समझे। शिविर मे छ्हाक्रटीम की नोडल अधिकारी डॉ प्रेरणा श्रीवास्तव लोगों को जागरूक करते हुए ये बताया कि दिव्याग लोग आम जन की भाँति व्यवहार करते है। शिविर मे उपस्थित जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम में मुग्धा उपाध्याय, मो अनीश द्वारा लोगो को मानसिक रूप से अगर कोई तो उसे जिला अस्पताल के कमरा नंबर 115 में सोमवार बृहस्पतिवार और शुक्रवार को इसका प्रशिक्षण किया जाता है। शिविर में सी एच सी प्रभारी डॉ महेश चंद्र, डॉ लेख राम, सतीश कुमार उपस्थित रहे।

# पुलिस से नोक-झोंक करते हुए सैकड़ो किसान पहुंचे नोएडा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड। गढ़मुक्तेश्वर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के निर्देशन में जनपद हापुड़ के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों किसान पुलिस के साथ नोक-झोंक करते हुए आखिर जीरो पॉइंट नोएडा पहुंच ही गए। जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा में जानकारी देते बताया है कि भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकट के निर्देशन पर जनपद हापुड़ की टीम बुधवार की सुबह में पुलिस के अथक प्रयास के बावजूद भी नहीं रूक पाए किसान और जैसे-तैसे भाग दौड़ करते हुए स्याना चौराहे और छिजारसी टोल प्लाजा से गुजरते हुए अलग-अलग टोलियों के रूप में आखिरकार नोएडा जीरो पॉइंट पर पहुचने में सफल हो गए। इस मौके पर महिला विंग जिला अध्यक्ष नीलम त्यागी, हापुड़ नगराध्यक्ष रोशनी सैफी, सरिता देवी, कल्पना देवी, मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिपाल सिंह उर्फ गुजराल, जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष मुनव्वर अली, जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉक्टर मतलूब, अंकित त्यागी, क्षेत्रीय अध्यक्ष नौशाद अली, शहाबुद्दीन, इमरान अली, मोहसिन अली, सुंदर सिंह गुर्जर, रविंद्र सिंह, उमेश राणा, राजा चौधरी समेत मौजूद रहे।

# बसपा पार्षद पति को मिली जान से मारने की धमकी,जांच में जुटी पुलिस

गाजियाबाद । कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर निवासी पवन गौतम ने बताया कि उनकी पत्नी वार्ड 18 से बसपा से पार्षद हैं। आरोप है कि वह 20 वर्षों से बसपा से जुड़े हैं और पेशे से चिकित्सक हैं। बताया कि काफी दिनों से एक युवक उनसे चुनावी रंजिश रखता है। गत दिनों आरोपी ने पवन गौतम के खिलाफ इंटरनेट मीडिया के अनेक प्लेटफार्म पर लिखा। डिग्री धारक चिकित्सक को हकीम और झोलाछाप बताकर छवि धूमिल की। आरोप है कि जब आरोपी युवक से विरोध जताया तो उसने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने जिलाधिकारी और एसीपी कविनगर से मामले की शिकायत की है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# आनलाईन पोर्टल में आए 806 मामलों पर बैठक में चर्चा

गाजियाबाद । महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष के अन्तर्गत जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला संचालन समिति की बैठक हुई। जिसमें आनलाईन पोर्टल पर प्राप्त 806 मामलों में चर्चा की गयी। इनमें 671 पुराने और 135 नये मामले शामिल थे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लम्बित मामलों में अति शीघ्र चिकित्सक मन्तव्य आख्या आनलाईन पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये गए हैं। इसके साथ पूर्व में स्वीकृत मामलों में पुलिस विभाग को संबंधित पीड़िताओं के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुमार मिताक्षर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन, एडीसीपी क्राइम सचिदानन्द, जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, एसपीओ अखिलेश कुमार, जिला सूचना अधिकारी योगेद्र प्रताप सिंह, एलडीएम बुधराम उपस्थित रहे।

# जिला जज ने पुलिस आयुक्त को भेजी शिकायत, कोर्ट की सुरक्षा कड़ी करने की मांग

गाजियाबाद । न्यायालय परिसर में प्रवेश के दौरान वादकारियों को रोका गया। उनके साथ अभद्रता की गई। विरोध करने पर उन्हें पीटा गया। रास्ता रोकने और पिटाई करने वाले कुछ लोग वकील की वेशभूषा में थे और कुछ सामान्य कपड़े पहने हुए थेञ्‍ यह शिकायत जिला जज अनिल कुमार ने पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्र से की है। मंगलवार को भेजे गए इस पत्र में पुलिस आयुक्त से कोर्ट की सुरक्षा और कड़ी करने के लिए कहा गया है। न्यायालय परिसर सुरक्षा समिति के अध्यक्ष हीरा लाल ने बताया जिला जज की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि परिवार न्यायालय की तरफ स्थित मुख्य गेट पर वकीलों ने वादकारियों से अभद्र व्यवहार किया। इसके अलावा वकील की वेशभूषा में कुछ लोग और सामान्य कपड़े पहने कुछ लोगों ने वीआईपी गेट पर भी वादकारियों के अंदर आने पर उनके साथ अभद्रता की। यह अराजकता की स्थिति अत्यंत निंदनीय है। जिला जज ने कहा है पुलिस आयुक्त से कहा है कि न्यायालय में प्रवेश करने और केस की सुनवाई के समय अधिवक्ताओं की ओर से किसी भी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

# संदिग्ध हालात में छात्रा लापता, अपहरण की आशंका

नोएडा । सेक्टर-22 से सोमवार शाम संदिग्ध हालात में आठवीं कक्षा की छात्रा लापता हो गई। वह अपने साथ स्कूल बैग, एक जोड़ी कपड़े और मोबाइल फोन लेकर निकली थी। छात्रा की मां ने अपहरण की आशंका जताई। पुलिस ने छात्रा को तलाशने के लिए टीम गठित कर दी है। मूलरूप से प्रयागराज निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि वह पति और दो बेटियों के साथ सेक्टर-22 में रहती हैं। वह एक अस्पताल में काम करती हैं, जबकि पति एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते हैं। उनकी बड़ी बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है और छोटी कक्षा आठ में पढ़ती है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह 13 वर्षीय छोटी बेटी सेक्टर-22 स्थित एक स्कूल में परीक्षा देने गई थी। परीक्षा देने के बाद घर लौटी और शाम 5.30 बजे स्कूल बैग, एक जोड़ी कपड़े और मोबाइल फोन लेकर घर से निकल गई। काफी देर तक जब नहीं लौटी तो चिंता होने लगी। मंगलवार को इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाकर और घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाला। पुलिस के मुताबिक छात्रा का मोबाइल फोन बंद है। खोड़ा में रहने वाली उसकी सहपाठी से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस मोबाइल कॉल डिटेल के आधार पर किशोरी को बरामद करने का प्रयास कर रही है। किशोरी घर से क्यों गई है, इसकी जानकारी बरामदगी के बाद ही मिल सकेगी।

# ग्रीन बेल्ट में युवक का शव मिला, सिर में गोली लगी मिली

नोएडा । सेक्टर-62 की ग्रीन बेल्ट में पुलिस को मंगलवार रात युवक का शव मिला। उसके सिर में गोली लगी थी। पुलिस को वहां से एक तमंचा और चार कारतूस भी मिले। पुलिस इसे आत्महत्या मान कर चल रही है, जबकि आसपास के लोग इसे हत्या का मामला बता रहे हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-58 थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि खोड़ा थाने के निकट सेक्टर-62 स्थित ग्रीन बेल्ट में करीब 40 वर्षीय युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर जांच की तो पता चला कि युवक के सिर में गोली लगी मिली। इसके चलते ठीक से चेहरा पहचान में भी नहीं आ रहा था। वहां एक तमंचा और चार कारतूस पड़े मिले। इसके कारण आशंका जताई जा रही है कि युवक ने खुद कनपटी पर तमंचा रखकर गोली मार ली। गोली नजदीक से लगने के चलते सिर छत-विक्षत हो गया। पुलिस को प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। शव के पास से शिनाख्त संबंधी कोई दस्तावेज भी नहीं मिला। हालांकि, युवक के दाहिने हाथ पर ओम गुदा है। उसने नीले रंग के जूते और नीले रंग का ट्रैक सूट पहन रखा है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पहचान के लिए आसपास के थानों की पुलिस से संपर्क साधा है।

# छात्र की जेब से मोबाइल निकाला

ग्रेटर नोएडा । नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में छात्र की पेंट की जेब से मोबाइल निकाल कर बदमाश फरार हो गया। छात्र ने बताया कि फोन में उसकी पढ़ाई से संबंधित जरूरी डाटा था। छात्र ने पुलिस से मोबाइल बरामद करने की मांग की है। पुलिस बदमाश की तलाश में जुटी है। मूलरूप से फर्रुखाबाद का रहने वाला गोपाल शुक्ला तुगलपुर गांव में किराये के मकान में रहता है। वह नॉलेज पार्क के कॉलेज से बीसीए की पढ़ाई कर रहा है। छात्र ने पुलिस को बताया कि वह परी चौक से पैदल अपने कमरे की तरफ आ रहा था। इसी बीच रास्ते में एक बदमाश उसकी जेब से मोबाइल निकालकर लेकर भाग गया। छात्र का कहना है कि मोबाइल में उसकी पढ़ाई और ऑनलाइन कक्षा से संबंधित जरूरी डाटा था। फोन के गुम होने से उसकी पढ़ाई बाधित हो रही है। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। नॉलेज पार्क थाना प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी है। बदमाश का पता लगाकर छात्र का मोबाइल बरामद किया जाएगा।

# ऑटोमेशन से लैस हुए 25 पंप हाउस, पक्षियों को लुभाने वाले पौधे भी लगाए

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग ने अब तक 25 पंप हाउसों को चमका दिया है। इन पंप हाउसों को न सिर्फ रंग-रोगन के साथ बल्कि तकनीक के लिहाज से भी अपडेट किया जा रहा है। पक्षियों को लुभाने वाली हरी घास, पेड़-पौधे लगाकर हरियाली बढ़ाई जा रही है। इन पंप हाउसों को ऑटोमेशन सिस्टम से लैस कर दिया गया है, इससे जलापूर्ति में भी सुधार हुआ है। साथ ही मेंटेनेंस का खर्च भी घटा है। ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने जल विभाग की टीम से इन सभी पंप हाउस परिसरों को चमकाने और तकनीकी रूप से भी अपडेट करने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद विभाग ने सेक्टर-4, ईकोटेक-12, सेक्टर-2, सेक्टर-3, सेक्टर 37, टेकजोन-4, सेक्टर पी-4 समेत 25 पंप हाउस का कायाकल्प किया। इन पंप हाउसों को ऑटोमेशन सिस्टम पर भी कर दिया गया है। अब इसे चलाने या बंद करने की जरूरत नहीं रह गई है। बाकी पंप हाउसों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि इन पंप हाउसों पर अलार्म सिस्टम भी लगाया गया है। किसी तरह की तकनीकी फॉल्ट होने पर अलार्म भी बजेगा। इससे जलापूर्ति को और बेहतर करने में मदद मिलेगी। ग्रेनो प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा, जब तक सभी पंप हाउस रेनोवेट नहीं हो जाते हैं, तब तक अभियान जारी रहेगा।

# दिल्ली में दो वाहनों में टक्कर के बाद लगी आग, एक की मौत

नई दिल्ली । दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका में मंगलवार रात एक एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) से टक्कर के बाद कार में आग लग गई जिससे कार सवार व्यक्ति की जलकर मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि टक्कर के बाद एसयूवी में भी आग लग गई लेकिन उसमें सवार यात्री समय रहते बाहर निकलने में सफल रहा। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना रात 12 बजकर 20 मिनट पर मिली और दमकल के दो वाहनों को मौके पर भेजा गया। अधिकारी ने बताया, ''जब तक दमकल के वाहन मौके पर पहुंचे तब तक दोनों वाहन आग की चपेट में आ चुके थे।'' पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस की एक टीम यशोभूमि फ्लाईओवर पर पहुंची और पाया कि एक मारुति सुजुकी ईको तथा एक हुंडई क्रेटा दुर्घटनाग्रस्त हो गई हैं। अधिकारी ने कहा, ''संदेह है कि दोनों वाहनों की आमने-सामने से टक्कर हुई।'' अधिकारी ने कहा, ''क्रेटा कार सवार लोग समय रहते बाहर निकल गए लेकिन ईको कार में बैठा व्यक्ति उसमें ही फंसा रह गया और उसका जला हुआ शव बरामद किया गया।'' पुलिस ने बताया कि शव को शवगृह ले जाया गया है, शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# दिल्ली में बढ़ती अपराधिक गतिविधियों के लिए भाजपा और आप जिम्मेदार -कांग्रेस

नई दिल्ली । राजधानी दिल्ली बढ़ती अपराधिक गतिविधियों के लिए भाजपा और आप दोनों बराबर की जिम्मेदार है। यह कहना है दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव का। श्री यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल 3 बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी असहाय है, जबकि उनकी नाक के नीचे प्रतिदिन हत्याएं, गैंगवार, डकैती, महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीड़न और बलात्कार जैसी घटनाएं रिकॉर्ड तोड़ रही है। दिल्ली में जंगलराज चल रहा है जिसमें भाजपा और आदमी पार्टी के लोगों की मिलीभगत से दिल्ली की जनता आहत है। इनके संरक्षण में अपराधी खुले अपराधिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। जिम्मेदारी निभाने में विफल केन्द्रीय गृहमंत्री इस्तीफा दें।

# भारतीय किसान यूनियन एकता सक्ति के पदाधिकारियों ने यमुना प्राधिकरण के ओ एस डी को सौपा ज्ञापन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा । भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारीयों ने यमुना प्राधिकरण पर ओ एस डी को जेवर टोल प्लाजा के विषय में ज्ञापन सौंपा और कहा कि अगर हमारी मांगे 15 दिन के अन्दर पूरी नहीं करी गयी तो भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति 26/12/2024 को जेवर टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेगी इसी बीच संयुक्त किसान मोर्चा को भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारीयों ने समर्थन भी दिया और कहा कि हमारा संगठन सभी किसान भाइयों के साथ है इस मौके पर समस्त भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारी मौजूद रहे

# महापंचायत के लिए जुटने लगे किसान, लग गया है टेंट, सुरक्षा भी चाक चौबंद

ग्रेटर नोएडा । ग्रेटर नोएडा में होने वाली महापंचायत के लिए किसानों का जमावड़ा शुरू हो चुका है। विरोध प्रदर्शन स्थल पर टेंट लगाकर तैयारी पूरी कर ली गई है। नोएडा में किसानों की गिरफ्तारी के बाद भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत बुलाई थी। ये महापंचायत ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर होगी। महापंचायत में पांच मंडल सहारनपुर, मेरठ, अलीगढ़, मुरादाबाद, आगरा के हजारों की संख्या में किसान शामिल होंगे। मुजफ्फरनगर के सिसौली गांव में हुई पंचायत में इसका निर्णय भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने लिया। इसके बाद राकेश टिकैत ने नोएडा के किसानों के संगठनों से फोन पर बातचीत की। बताया गया कि किसान यमुना एक्सप्रेस वे से होते हुए ग्रेटर नोएडा आएंगे। दरअसल मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के 10 संगठनों ने दिल्ली कूच का ऐलान किया था। सोमवार को बड़ी संख्या में किसानों ने दिल्ली कूच की शुरुआत की। शाम को प्राधिकरण अधिकारियों के आश्वासन के बाद किसानों ने 7 दिन का समय दिया और नोएडा के राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल पर आंदोलन को शिफ्ट कर दिया। मंगलवार को नाटकीय ढंग से पुलिस ने दलित प्रेरणा स्थल आने वाले किसानों को रोक दिया साथ ही कई किसानों को थानों में बंद किया तो कुछ को हाउस अरेस्ट किया। इसके बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया गया। इस दौरान किसानों को बसों में भरकर पहले पुलिस लाइन फिर लुक्सर जेल भेज दिया गया। बता दें जिस समय किसानों को राष्ट्रीय दलित प्रेरणा स्थल से गिरफ्तार किया। उनकी संख्या 200 के आसपास थी। फिलहाल इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इसमें कई महिलाएं भी शामिल हैं। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के साथ ही पश्चिमी उप्र के प्रमुख किसान संगठन भारतीय किसान यूनियन ने मुजफ्फरनगर के सिसौली में पंचायत बुलाई। शाम चार बजे पंचायत में महापंचायत कर निर्णय लिया गया। नरेश टिकैत ने कहा कि पांच मंडल के किसान ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर सुबह 10 से 11 के बीच एकत्रित होंगे। इसके बाद वहां महापंचायत की जाएगी। इसके अलावा किसान थानों में जाकर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान राकेश टिकैत ट्रैक्टर और ट्राली से जरिए ग्रेटर नोएडा पहुंचेंगे। वहां नोएडा के किसानों की मांगों पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस के अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।

भाकियू की मांग है कि किसानों को जमीन अधिग्रहण के बदले 10 प्रतिशत जमीन दी जाए, 64.7 प्रतिशत की दर से मुआवजा दिया जाए नया कानून यानि सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा और 20 प्रतिशत लैंड दी जाए। भूमिधर, भूमिहीन किसानों के बच्चों को रोजगार और पुनर्वास के सभी फायदे भी दिए जाएं।

# दिल्ली आबकारी नीति मामला-उच्च न्यायालय ने केजरीवाल, कविता से ईडी की याचिका पर मांगा जवाब




नई दिल्ली । दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से संबंधित कथित धनशोधन मामले में अधीनस्थ अदालत के एक आदेश को चुनौती देते हुए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर की गयी याचिका पर बुधवार को अरविंद केजरीवाल समेत आम आदमी पार्टी के कई नेताओं और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से जवाब मांगा। उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी की याचिका और मामले में स्थगन की उसकी अर्जी पर सभी 40 आरोपियों को नोटिस जारी किये। उच्च न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जनवरी की तारीख तय की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल, आप नेताओं-मनीष सिसोदिया एवं संजय सिंह तथा कई कारोबारी इस मामले में आरोपियों में शामिल हैं। नवंबर में अधीनस्थ अदालत ने ईडी को निर्देश दिया था कि वह मामले के आरोपियों को आरोपपत्र और शेष 'अपुष्ट दस्तावेजों' (जिनका उपयोग अभियोजन पक्ष अपने मामले के समर्थन में नहीं कर रहा है) के डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध कराए। ईडी के वकील ने (उच्च न्यायालय में) कहा कि अधीनस्थ अदालत ने दस्तावेजों की जांच के चरण में ईडी को आरोपियों को अपुष्ट दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश दिया था। उन्होंने कहा कि लेकिन शीर्ष अदालत के निर्देश के मुताबिक इस चरण में अपुष्ट दस्तावेज नहीं बल्कि उनकी सूची उपलब्ध करायी जानी है। उच्च न्यायालय को सूचित किया गया कि अधीनस्थ अदालत में लंबित मामले की अगली सुनवाई 21 दिसंबर को है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और ईडी के अनुसार, आबकारी नीति में संशोधन करते समय कथित तौर पर अनियमितताएं की गईं और लाइसेंसधारकों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को यह नीति लागू की थी तथा बाद में भ्रष्टाचार का आरोप लगने के बाद सितंबर 2022 में इसे रद्द कर दिया।

आबकारी नीति लागू करने में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना की ओर से सिफारिश किए जाने के बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया था। धनशोधन का मामला इसी पर आधारित है।

# दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा धर्म जागरूकता अभियान के तहत गुरमति ज्ञान मुकाबले का आयोजन

नई दिल्ली । दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने पंजाब में अपने धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन सरदार मनजीत सिंह भोमा के प्रयासों से गाँव अड्डा वणीयके में धर्म जागरूकता अभियान के अंतर्गत श्री गुरु रामदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जिला श्री अमृतसर साहिब में गुरमति ज्ञान मुकाबलों का आयोजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका ने कहा कि अकाल पुरख की कृपा से दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने पंजाब में अपने धर्म प्रचार प्रमुख सरदार मनजीत सिंह भोमा की अगुवाई में सिखी से दूर हुए लोगों को पुन: गुरसिखी जीवन से जोड़ने के लिए बड़े प्रयास किए हैं। अब तक पट्टी से पठानकोट तक 1100 से अधिक बच्चों को गुरु के मार्ग से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में पाठ, कविशरी और सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिताएँ रखी गईं, जिनका उद्देश्य गुरसिख बच्चों को अपने समृद्ध इतिहास और गुरसिखी जीवन से जोड़ना है। सरदार कालका ने कहा कि बच्चों के मन में यह भावना जागृत की जा रही है कि वे गुरु के साथ जुड़ें। उन्होंने गुरसिखी के प्रारंभ की बात करते हुए कहा कि यह श्री गुरु नानक देव जी से शुरू हुई, फिर गुरु अर्जन देव जी ने पहली बार गुरबाणी का संकलन किया और गुरु गोबिंद सिंह जी ने हमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के साथ जोड़ा। सरदार कालका ने कहा कि यह देखकर बेहद खुशी होती है कि सिख बच्चे और युवा पगड़ी पहनकर इस कार्यक्रम में आए। उन्होंने बच्चों और युवाओं से यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे जीवनभर अपने सिर पर पगड़ी सजाकर रखेंगे। साथ ही, उन्होंने लड़कियों और महिलाओं से कहा कि शादी के बाद वे अपने परिवारों को गुरसिखी जीवन के साथ जोड़े रखें।

उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि गुरु के जैकारे में बेटियाँ सबसे आगे हैं। ये बेटियाँ जब कल की माताएँ बनेंगी और अपने परिवारों को गुरसिखी जीवन से जोड़ेंगी, तो सिखी स्वरूप को बनाए रखने का अभियान और अधिक सफल होगा। दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने यह भी कहा कि वह पंजाब समेत पूरे देश में बच्चों और आम लोगों को गुरसिखी जीवन से जोड़ने के लिए संकल्पबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी। कार्यक्रम में चेयरमैन सरदार भुपिंदर सिंह भुल्लर, गुरमीत सिंह भाटिया, हरविंदर सिंह संधू, अनुप सिंह और अन्य विशिष्ट व्यक्तित्व भी उपस्थित रहे।

# जनता का संघर्ष रंग लाया गिरफ्तार नेता हुए रिहा, जीरो पॉइंट पर महापंचायत में जुटी भारी भीड

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



नोएडा । अधिग्रहित जमीन के बदले किसानों को 10त्न जमीन वापस करने, 64त्न अतिरिक्त मुआवजा राशि का भुगतान, भूमि अधिग्रहण 2013 कानून का लाभ, भूमिहीन किसानों को आवासीय भूखंड, बेरोजगारों को रोजगार, स्कूलों और अस्पतालों में किसानों के परिवारों को प्राथमिकता आदि की लंबित मांगों/ समस्याओं को लेकर चल रहे आंदोलन को दबाने के उद्देश्य कल दलित प्रेरणा स्थल से सैकड़ो किसानों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जिसके विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा आज जीरो पॉइंट ग्रेटर नोएडा पर किसान महापंचायत का आयोजन किया गया। किसान महापंचायत का समर्थन करते हुए सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा, सचिव रामस्वारथ के नेतृत्व में सैकड़ो सीटू कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इसी तरह जनवादी महिला समिति की जिला प्रभारी आशा यादव, जिलाध्यक्ष रेखा चौहान, कोषाध्यक्ष गुड़िया देवी के नेतृत्व में सैकड़ो महिला कार्यकर्ताओं ने महापंचायत में हिस्सा लिया तथा विभिन्न किसान संगठनों के नेतृत्व में जनपद गौतम बुद्ध नगर में आसपास के जिलों के किसान व महिलाएं भारी संख्या में किसान महापंचायत में पहुंचे। महापंचायत को संबोधित करने आ रहे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेता राकेश टिकैत को ट्रिपल जेवर एक्सप्रेस वे पर हिरासत में लिया गया। जनता के आक्रोश को भांपकर कर जिला प्रशासन ने गिरफ्तार किसानों को रिहा करना पड़ा। रिहा होकर महापंचायत में पहुंचे किसान नेता डॉक्टर रुपेश वर्मा, सुखबीर खलीफा, सुनील फौजी, व अन्य नेताओं ने महापंचायत को संबोधित करते हुए ऐलान किया कि धरना पुन: दलित प्रेरणा स्थल से ही शुरू होगा और किसानों को उनका हक दिलाए बिना हम घर वापस नहीं होंगे। महापंचायत को किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कामरेड हनान मौला, राष्ट्रीय महासचिव बीजू कृष्णन वित सचिव कृष्णा प्रसाद, भारतीय किसान यूनियन के नेता गौरव टिकैत सहित किसान संगठनों के विभिन्न नेताओं ने संबोधित किया। महापंचायत में हिस्सा ले रहे मजदूर संगठन सीटू के नेता कामरेड गंगेश्वर दत्त शर्मा ने कहा कि हमारा संगठन किसान आंदोलन के साथ है और आगे भी रहेगा। किसानों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और किसानों के आंदोलन में मजदूर भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# भाजपा नेता प्रवेश रतन आप में शामिल




नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता प्रवेश रतन बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। उन्हें 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में पटेल नगर (सुरक्षित) निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। जाटव समुदाय से ताल्लुक रखने वाले रतन यहां पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक की मौजूदगी में 'आप' में शामिल हुए। 'आप' नेता एवं पटेल नगर से पूर्व विधायक राज कुमार आनंद के भाजपा में शामिल होने के कुछ माह बाद यह घटनाक्रम देखने को मिला है। आनंद ने अप्रैल में दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और 'आप' का दामन छोड़ दिया था। बाद में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक के तौर पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया। जुलाई में आनंद 'आप' के एक अन्य विधायक करतार सिंह तंवर के साथ भाजपा में शामिल हो गए। दिल्ली में 2020 में हुए विधानसभा चुनाव में रतन 30 हजार से अधिक मतों के अंतर से आनंद से हार गए थे।

फरवरी 2025 में प्रस्तावित विधानसभा चुनावों में दोनों नेता अपनी नई पार्टियों के उम्मीदवारों के रूप में फिर एक-दूसरे के खिलाफ खड़े हो सकते हैं। रतन ने कहा कि वह 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल से प्रेरित हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने मुफ्त सुविधाओं के जरिए दिल्ली के लोगों, खासकर कमजोर वर्गों के जेब के बोझ को कम किया है।

# दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार, 'मध्यम' श्रेणी के करीब पहुंची



नई दिल्ली । दिल्ली में बुधवार को वायु गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ और वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 211 दर्ज किया गया जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को एक्यूआई 268 रहा जो 'खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार बुधवार सुबह आठ बजे एक्यूआई 211 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता में इस सप्ताह लगातार सुधार देखा गया है और सोमवार को यहां एक्यूआई 273 था जबकि रविवार को यह 285 दर्ज किया गया था। शहर के 39 निगरानी केन्द्रों में से 15 ने बुधवार को वायु गुणवत्ता को 'मध्यम' श्रेणी में और शेष ने इसे 'खराब' श्रेणी में दर्ज किया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बताया कि दिल्ली में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो इस मौसम के औसत तापमान से 2.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 68 प्रतिशत रहा।

मौसम विभाग ने दिन में हल्का कोहरा छाए रहने तथा अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

# दिल्ली को मिले 25 नए लो कॉस्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन







नई दिल्ली । दिल्ली में प्रदूषण को कम करने और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी व पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने एक साथ 25 नए लो कॉस्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन किया। शहर में अब दिल्ली सरकार की कंपनी दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड के 78 लोकेशन पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो गए हैं। इस मौके पर आतिशी ने कहा कि दिल्ली की सरकार अक्सर अपने शिक्षा पर किए कामों के लिए, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मोहल्ला क्लिनिक पर किए कामों के लिए जानी जाती है। लेकिन आज इन 25 नए लो कॉस्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन, जिनका दिल्ली के अलग अलग हिस्सों में उद्घाटन हो रहा है, इस बात का प्रमाण है कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार दिल्ली के तरक्की के हर पहलू पर शानदार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 साल से दिल्ली प्रदूषण की समस्या का सामना कर रही है। ख़ासकर अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर के महीने में जब प्रदूषण बहुत बढ़ जाता है। जब दिल्ली में प्रदूषण बढ़ना शुरू हुआ तब अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बेशक नवंबर-दिसंबर में प्रदूषण का कारण दिल्ली के बाहर जलने वाली पराली हो लेकिन दिल्ली इस प्रदूषण के खिलाफ लड़ने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। आतिशी ने साझा किया कि 2020 से दिल्ली की इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की शुरुआत हुई, दिल्ली को देश का ईवी कैपिटल बनाने की शुरुआत हुई। इसके तहत 2020 में दिल्ली देश के उन पहले राज्यों में था, जिसने अपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में न सिर्फ़ 2 व्हीलर, 3 व्हीलर और कारों पर सब्सिडी दी गई बल्कि दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक गाड़ियां ख़रीदने वालों को रोड टैक्स पर भी छूट दी। यानि दिल्ली सरकार इलेक्ट्रिक गाड़ियां ख़रीदने पर सब्सिडी तो देती ही है, रोड टैक्स भी माफ़ होता है। आगे आतिशी ने कहा कि बाक़ी सरकारें अक्सर पॉलिसी तो ले आती हैं लेकिन ये नहीं सोचतीं कि वो ज़मीन पर कैसे लागू होंगी। मनीष सिसोदिया ने कहा कि यह चार्जिंग स्टेशन इसको हम पावर बैंक कह रहे हैं। यह अपने आप में देखा जाए तो एक छोटा सा स्टेशन है और यहां दो पावर प्लग लगे हुए हैं, असल में यह आधुनिक समय की दिल्ली है। यह उसकी नींव है, जो अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में पूरी दिल्ली में रखी जा रही है। 2020 में जब मैं दिल्ली सरकार में था तब हम इसका सपना देख रहे थे कि क्या हम दिल्ली में कुछ ऐसा कर सकते हैं कि जो नई गाड़ियां, स्कूटर और बाइक खरीदी जाएं, लोग इलेक्ट्रिक व्हीकल की तरफ बढ़ें। उन्होंने कहा कि क्योंकि प्रदूषण का एक बड़ा कारण हमारी और आपकी गाड़ियों से निकलता हुआ धुआं है। हम जितनी चाहे उतनी बड़ी बातें कर लें लेकिन जब तक हम गाड़ियां चलाएंगे और उनसे पेट्रोल और डीजल डालेंगे तब तक हवा में धुआं तो फैलेगा। उस धुएं को फैलने से कैसे रोका जाए, इसकी चिंता अरविंद केजरीवाल ने की और करीब चार साल पहले पूरी सरकार और हमारे थिंक टैंक को यह आदेश दिया कि हमें किसी भी तरह दिल्ली में इस धुएं को रोकना है। इसके लिए क्या करना है और कैसे करना है, इसकी योजना बनाओ।

## सुखबीर बादल को गोली मारने का प्रयास



अमृतसर । शिरोमणि अकाली दल (शिअद) अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को बुधवार सुबह एक व्यक्ति ने स्वर्ण मंदिर द्वार पर गोली मारने का प्रयास किया। श्री बादल वहाँ सेवादार के रूप में अकाल तख्त की सुनाई सज़ा भुगत रहे थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। आरोपी की शिनाख्त नारायण सिंह चौरा के रूप में की गई है। अमृतसर पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने मीडियाकर्मियों को बताया कि सतर्क पुलिस ने श्री बादल पर हमले का प्रयास विफल कर दिया। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। इस बीच शिअद, काँग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने घटना की निंदा की है और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी सरकार को घेरने की कोशिश की।

## शब्द सृजन संस्थान के द्वारा वृन्दावन साहित्य महोत्सव का आयोजन 8 दिसम्बर को

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। रमणरेती रोड़ स्थित वृन्दावन शोध संस्थान के विशाल आडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी साहित्य के लिये समर्पित शब्द सृजन संस्थान (पंजी.) द्वारा वृन्दावन साहित्य महोत्सव 8 दिसम्बर 2024 को बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय संगोष्ठी, पुस्तक विमोचन, कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आदि के कार्यक्रम संपन्न होंगे।जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के लगभग 50 कवि-कवयित्री भाग लेंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि शब्द सृजन संस्थान प्रति वर्ष देश में बड़े आयोजन करता है।जिसमें देश-विदेश के साहित्यकार सम्मलित होते हैं। इसी श्रृंखला में इस बार यह आयोजन 8 दिसम्बर 2024 को वृन्दावन साहित्य महोत्सव के रूप में वृन्दावन शोध संस्थान के विशाल आडिटोरियम में किया जायेगा। इस आयोजन में देश के विभिन्न प्रांतों के लगभग 50 कवियों की सहमति आ चुकी है। साहित्य के इस आयोजन में प्रतिभाग करने वाले साहित्यकारों की लगभग 1 दर्जन किताबों का विमोचन होगा।इस आयोजन में साहित्यकारों द्वारा देश भक्ति, आध्यात्म, ओज, श्रृंगार और हास्य की अविरल धारा प्रवाहित होगी। डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया इस आयोजन में प्रतिभाग



करने वाले कवियों एवं साहित्यकारों को साहित्यिक सेवाओं के लिये वृन्दावन साहित्य सम्मान से विभूषित किया जाएगा। शब्द सृजन संस्थान के महासचिव देश के वरिष्ठ गीतकार डॉ. ओंकार त्रिपाठी (दिल्ली), राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छन्द गुरु राजकुमार छापड़िया(मुंबई), सचिव ब्रज माहिर (फरीदाबाद), कोषाध्यक्ष गार्गी कौशिक(गाजियाबाद), संगठन मंत्री रजनीश स्वछंद(दिल्ली), हरियाणा प्रभारी रचना गोयल,दिल्ली प्रभारी सीमा पटेल आदि ने सभी से इस महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## जिलाधिकारी से मिलकर भारत के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन दिया जाएगा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

वृन्दावन। मारुति नगर क्षेत्र स्थित सी.एल. शिशु शिक्षा निकेतन में राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।जिसमें बांग्लादेश के हिंदू नागरिकों की हत्या के विरोध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ कि मथुरा के जिलाधिकारी से मिलकर भारत के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के संस्थापक पंडित चंद्र लाल शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की नृशंस हत्याएं हो रही हैं।लेकिन हिंदुओं के प्रति बांग्लादेश के उपराष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री मौन हैं। राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष आचार्य आनंद बल्लभ गोस्वामी। ने कहा कि इस्कॉन के महंत के एडवोकेट पर घातक हथियारों से हमला किया गया है।इस समय बांग्लादेश के अस्पताल में एडवोकेट भर्ती हैं और गंभीर हालत में है। प्रदेश अध्यक्ष पंडित संजय पाराशर एवं महानगर अध्यक्ष पंडित रसिक शास्त्री ने कहा कि भारत सरकार को चाहिए कि अब वो अभिलंब बांग्लादेश सरकार के खिलाफ कड़े कदम उठाये। युवा अध्यक्ष पंडित गोविंद नारायण और



आचार्य ब्रह्मदेव द्विवेदी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्राह्मण सेवा संघ के द्वारा जिलाधिकारी से मिलकर भारत के प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के लिए ज्ञापन सौंपना चाहिए।जिससे कि हिंदुओं की सुरक्षा के प्रति बांग्लादेश सरकार दबाव में आए। इस अवसर पर पंडित जगदीश नीलम, विनीत द्विवेदी, नीरज गौड, तपेश पाठक, देवेंद्र शर्मा,बृजेश शर्मा, विवेक गौतम तथा नरेंद्र शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## दिसंबर के आखिर तक 1000 अतिरिक्त जनरल कोच ट्रेनों में लगाये जाएंगे- वैष्णव

नई दिल्ली । सरकार ने कहा है कि रेल सुविधा को सबके लिए उपलब्ध कराने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिसके लिए जनरल बोगियों को बढ़ाया जा रहा है और इसके तहत इस साल के अंत तक 1000 अतिरिक्त कोच रेलों में लगाये जाएंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी देते हुए बताया कि कि देश के हर क्षेत्र में लोगों को बेहतर रेल सुविधा मिले, इसलिए सरकार जनरल डिब्बों को बढ़ाने पर ध्यान दे रही है और इसका मकसद ऐसा कर हर नागरिक तक बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध कराना है। श्री वैष्णव ने कहा कि केरल में रेल नेटवर्क को विकसित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिए निधि आवंटित की गई है। उन्होंने



स्थानीय सांसदों से राज्य सरकार को भूमि उपलब्ध कराने में मदद करने का भी आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सरकार पैसेंजर ट्रेन में यात्रा के लिए बड़ी सब्सिडी दे रही है और इस क्रम में 56993 करोड़ से ज्यादा की सब्सिडी पैसेंजर ट्रेन में दी गयी है। सरकार का फोकस जनरल कोच बढ़ाने पर है और दिसंबर के आखिर तक 1000 अतिरिक्त जनरल कोच बढ़ाने की योजना है।

## बिहार – गोपालगंज में पुलिस मुठभेड़ में अपराधी के पैर में लगी गोली

गोपालगंज । बिहार के गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में एक अपराधी के पैर में गोली लग गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि पुलिस की टीम चौकीदार झमेन्द्र राय की हत्या को लेकर जांच पड़ताल कर रही थी। इसी दौरान पुलिस देर रात अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने गम्हरिया गांव पहुंची थी। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि पुलिस टीम को देखते ही अपराधियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। पुलिस की फायरिंग में एक अपराधी के पैर में गोली लग गई। अपराधी की पहचान बिकेश कुमार के रूप में की गई है और जो गम्हरिया गांव का रहने वाला बताया जाता है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित भी पहुंचे और घायल अपराधी से पूछताछ की है। बताया गया कि घायल अपराधी को इलाज के लिए गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे पटना रेफर कर दिया है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में थाने के एक चौकीदार की अज्ञात अपराधियों ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मंगलवार को उनका शव सुनसान स्थल से बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बंगरा गांव निवासी झमेंद्र राय बैकुंठपुर थाने में चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। बताया गया कि सोमवार की शाम वह ग़महरी बथानी गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। लौटने के क्रम में उसकी अपराधियों ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने चौकीदार से लूटी गई बाइक और मोबाइल को जब्त कर लिया है।

# फड़नवीस बने भाजपा विधायक दल के नेता, बनेंगे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

मुंबई । महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति के नेता के रूप में भारतीय जनता पार्टी के नेता देवेन्द्र फड़नवीस राज्य के अगले मुख्यमंत्री होंगे। श्री फड़नवीस को आज यहां विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी भाजपा के विधायक दल का नेता चुना गया। महायुति में शामिल शिवसेना के नेता एवं निवर्तमान मुख्यमंत्री एकनाथ शिन्दे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार ने पहले ही भाजपा के मुख्यमंत्री के साथ एकजुटता से काम करने की घोषणा की है। भाजपा के पर्यवेक्षक के रूप में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौजूदगी में भाजपा नेता चंद्रकांत पाटिल और सुधीर मुनगंटीवार ने पार्टी के 132 विधायकों के सामने श्री फड़नवीस के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सुश्री पंकजा मुंडे एवं कई अन्य विधायकों ने पूरे उत्साह से अनुमोदन किया। श्री रूपाणी ने विधायकों से पूछा कि यदि उनके मन में किसी और के नाम का प्रस्ताव है तो वे रखें लेकिन सभी विधायकों ने एकस्वर से श्री फड़नवीस के नाम पर सहमति जतायी। इसके बाद श्री फड़नवीस को नेता चुने जाने की घोषणा की गयी। नेता चुने जाने के बाद श्रीमती सीतारमण, श्री रूपाणी, श्री चंद्रकांत पाटिल, श्री मुनगंटीवार, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े आदि नेताओं ने श्री फड़नवीस का अभिनंदन किया और उन्हें राज्य के मुख्यमंत्री होने की बधाई दी। श्री फड़नवीस ने भी विनम्रता पूर्वक सबका आभार ज्ञापन किया। सूत्रों के अनुसार



महायुति सरकार का शपथग्रहण समारोह गुरुवार को आजाद मैदान में होने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री के साथ शिवसेना एवं राकांपा से दो उप मुख्यमंत्री भी शपथ ले सकते हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 सीटों में से महायुति को 230 सीटें प्राप्त हुईं हैं जिनमें से भाजपा ने 132 सीटें जीती है, तो श्री एकनाथ की अगुवाई वाली शिवसेना को 57 और श्री अजीत पवार की राकांपा को 41 सीटें मिली हैं। इस तरह भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इस बार मुख्यमंत्री पद भाजपा को स्वाभाविक रूप से मिलना तय हुआ है।

## गाजीपुर बॉर्डर पर मिला जाम, लोगों के छूटे पसीने



नई दिल्ली । गाजीपुर बॉर्डर पर बुधवार की सुबह गाड़ियों की लंबी कतार देखने को मिली है। यहां पर पुलिस द्वारा की गई बैरिकेडिंग की वजह से जाम की समस्या से लोगों को परेशान होना पड़ा है। सांसद राहुल गांधी के संभल दौरे से पहले नाकेबंदी की गई है। दरअसल, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी उत्तर प्रदेश के संभल हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों से मुलाकात करने के इरादे से दिल्ली से रवाना हुए। दौरे से पहले दिल्ली गाजीपुर बॉर्डर पर सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। ओमप्रकाश ने बताया है कि जाम की वजह से बहुत परेशानी हो रही है। एयरपोर्ट से घर आ रहे हैं। बहुत लंबा जाम लगा है। पता नहीं कब तक जाम में फंसे रहेंगे। एक घंटा से ज्यादा का समय हो गया है। किस चीज का जाम लगा है इस बारे में नहीं पता लेकिन काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। राहुल गांधी आ रहे हैं तो सड़क को क्यों जाम किया गया है। शिखा अरोड़ा ने कहा मैं छात्रा हूं मैं अपने घर जा रही हूं। सुबह निकले थे कि घर जल्दी जाएंगे। लेकिन अब काफी देरी हो रही है। राहुल गांधी संभल जा रहे हैं तो इसमें जाम लगाने की क्या जरूरत है। कैलाश नाम के शख्स ने बताया है कि 25 मिनट हो गए हैं जाम में फंसे हुए हैं। जाम खुलेगा तभी हम जा पाएंगे। राजनीति के कारण किसी को अपनी रोटी सेंकनी है। इनकी राजनीति की वजह से जनता परेशान होती है। वहीं एक महिला अरुणा ने बताया है कि उत्तराखंड में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से निकले हैं। लेकिन, यहां पर जाम की वजह से काफी परेशानी हो रही है। आधा घंटा हो गया है। लेकिन जाम नहीं खुला है।

## बांदा में भीषण सड़क हादसा, तीन लोगों की दर्दनाक मौत

बांदा । उत्तर प्रदेश में हादसे थम नहीं रहे हैं। बांदा जिले में भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बांदा जिले में गिरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खुरहंड-बिलगांव लिंक रोड पर अज्ञात वाहन और सीएनजी ऑटो के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने ऑटो सवार तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। मृतक पेस्टा बिलगांव के रहने वाले थे। बांदा के एएसपी ने बताया कि खुरहंड-विलगांव लिंक रोड पर तीन दिसंबर की देर शाम एक सीएनजी ऑटो किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर




स्थानीय थाने के पुलिस मौके पर पहुंची और चालक प्रदीप कुमार, अमित कुमार (12), सिद्धू और राम सिन्हा को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्रदीप कुमार, अमित कुमार और सिद्धू मृत घोषित कर दिया। जबकि राम सिन्हा को बेहतर इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। मृतकों के परिजनों की सूचना दे दी गई है। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। बता दें कि इससे पहले उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में ट्रोला और टैंकर के भीषण टक्कर हो गई थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हुई थी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद हमीरपुर में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया था। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की थी। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की थी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

## गाजियाबाद में जिलाधिकारी ने सुनीं जनशिकायतें,दिए निर्देश

गाजियाबाद । जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कार्यालय में लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में एडीएम ई रणविजय सिंह उपस्थित रहे। प्रतिदिन की तरह आज भी उनके द्वारा कई शिकायतकर्ता पीड़ितों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी शिकायतकर्ता निराश नहीं जाना चाहिए। सभी शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का हल होना चाहिए। उन्होंने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को भी लोगों की शिकायतों को प्राथमिकता के तहत सुनने के निर्देश दिए।

## निजी बीमा कंपनियों द्वारा पूरी 'क्लेम' राशि का भुगतान नहीं करने का मुद्दा लोकसभा में उठा

नई दिल्ली । स्वास्थ्य बीमा के तहत 'क्लेम' की गई पूरी राशि का लाभ पॉलिसी धारकों को नहीं मिलने पर चिंता जताते हुए भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने बुधवार को सरकार से अनुरोध किया कि इस ओर ध्यान दिया जाए और मध्यम वर्ग का संरक्षण किया जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्य सूर्या ने लोकसभा में शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि देश में बड़ी संख्या में लोग निजी बीमा कंपनियों से स्वास्थ्य बीमा लेते हैं और काफी अधिक प्रीमियम का भुगतान करते हैं, ताकि कठिन समय में उनके तथा उनके प्रियजनों के इलाज के लिए राशि मिल सके। उन्होंने भारतीय बीमा ब्रोकर्स संघ के पिछले साल जारी आंकड़ों के हवाले से कहा कि 15 निजी बीमा कंपनियों में से केवल 10 ने 80 प्रतिशत से कम क्लेम राशि का भुगतान किया और इन 15 में से केवल तीन बीमा प्रदाताओं ने ही क्लेम की गई राशि के 75 प्रतिशत से अधिक का भुगतान किया। सूर्या ने आंकड़ों के हवाले से दावा किया कि कुछ निजी स्वास्थ्य बीमा प्रदाता कंपनियां केवल 56 से 60 प्रतिशत क्लेम राशि का भुगतान करती हैं। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है जिस पर वह वित्त मंत्री का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। सूर्या ने सरकार से अनुरोध किया कि बीमा धारकों के क्लेम की राशि उन्हें समय पर मिले और मध्यम वर्ग का संरक्षण हो। तृणमूल कांग्रेस के कीर्ति आजाद ने आम लोगों को विभिन्न कंपनियों के अनावश्यक फोन कॉल से होने वाली परेशानियों का मुद्दा शून्यकाल में उठाते हुए कहा कि मोबाइल फोन पर 'डू नॉट डिस्टर्ब' (डीएनडी) सेवा लागू होने के बावजूद गैरजरूरी फोन कॉल आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों के वितरक लोगों के मोबाइल नंबर समेत निजी जानकारी



अन्य लोगों को बेच रहे हैं। आजाद ने कहा कि इस संबंध में भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के पास पर्याप्त अधिकार नहीं हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि बार-बार फोन करके लोगों की निजता का हनन करने वाली कंपनियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के सदस्य सनातन पांडेय ने नमामि गंगे योजना के तहत व्यय की जांच किसी उच्च समिति से कराने की मांग करते हुए कहा कि यह पता लगाना चाहिए कि योजना में जो खर्च हो रहा है, उसका लाभ धरातल पर पहुंच रहा है या नहीं। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सदस्य चंद्रशेखर ने गुरु रविदास जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग सरकार से की।

## संक्षिप्त समाचार

### कैंटर और कार की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत, दो घायल

चूरू । राजस्थान में चूरू जिले के सरदारशहर थाना क्षेत्र में मेगा हाइवे पर कैंटर और कार की भिड़ंत में पांच लोगों की मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि बुकनसर के पास मेगा हाइवे पर देर रात करीब ढाई बजे कैंटर और एक कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई तथा कैंटर चालक सहित दो लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि मृतकों की पहचान कमलेश (26), नंदलाल (23), पवन कुमार, राकेश कुमार (33) निवासी राजासर एवं धनराज निवासी सीकर के रूप में की गयी है। मृतक सभी कार में सवार थे, जो सरदारशहर से हनुमानगढ़ की ओर जा रहे थे। पुलिस ने सभी मृतकों के शवों को अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया है।

### तेलंगाना में भूकंप के तीव्र झटके

हैदराबाद । तेलंगाना के मुलुगु जिले में बुधवार सुबह भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केन्द्र (एनसीएस) के अनुसार, हैदराबाद, रंगा रेड्डी, वारंगल, सिद्दीपेट, हनुमकोंडा और खम्मम सहित राज्य के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर सुबह करीब 07.27 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.3 मापी गयी। भूकंप का केन्द्र जमीन की सतह 18.44 उत्तरी अक्षांश और 80.24 पूर्वी देशांतर में 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। तेलंगाना के मौसम वैज्ञानिक ने %एक्स% पर कहा, पिछले 20 वर्षों में पहली बार राज्य में इतना शक्तिशाली भूकंप आया, जिसका केंद्र मुलुगु में था और तीव्रता 5.3 थी।卐 उन्होंने बताया कि राज्य भर भूकंप के झटके महसूस किए गए।

### छत्तीसगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में तीन की मौत

सूरजपुर । छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में मंगलवार देर रात कार और पिकअप की आपस में भीषण टक्कर होने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हादसा कल रात प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर प्रतापपुर थाना इलाके के गोटगवां के पास तब हुआ है, जब गोवर्धनपुर गांव से चार युवक एक कार सवार होकर अंबिकापुर जा रहे थे। तभी, बनारस जा रही गोटगवां के नजदीक टमाटर लोडकर पिकअप और कार की आपस में भिड़ंत हो गयी। इसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को स्थानीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतकों में गोवर्धनपुर निवासी प्रतोष पटेल के पुत्र प्रियांशु पटेल (24), मिथलेश पटेल के पुत्र दीपक पटेल (23) और सुरेन्द्र पटेल के पुत्र पुष्पेंद्र भाई पटेल (21) हैं। इस घटना से संबंधित मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी है।

### पत्नी को वीडियो कॉल कर फांसी के फंदे पर झूला युवक

गाजियाबाद । लिंक रोड थाना क्षेत्र के झंडापुर गांव में किराये पर रहने वाले आकाश (25) ने पत्नी को वीडियो कॉल की और उसके बाद फंदे पर झूल गया। पति को फंदे पर लटकता देख पत्नी ने तुरंत झंडापुर निवासी अपने बहनोई गौरव को बताया, लेकिन जब तक वह आकाश के पास पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद गौरव की सूचना पर युवक के गाजियाबाद निवासी रिश्तेदार और पुलिस पहुंची। युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। मूलरूप से बरेली के अलीगंज थाना क्षेत्र स्थित बड़ा सिरसा (बड़ा राजपुर) निवासी आकाश झंडापुर के गली नंबर दो निवासी आरती यादव के मकान में किराये पर रहता था। करीब पांच महीने पहले वह यहां पत्नी मिलन के साथ रहने आया था। डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि प्राथमिक जांच में गृह क्लेश की बात सामने आई है।

### जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में एक सैन्य चौकी पर आतंकवादियों ने दागे ग्रेनेड

जम्मू । जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में बुधवार तड़के आतंकवादियों ने एक सैन्य चौकी पर दो ग्रेनेड दागे जिनमें से केवल एक में विस्फोट हुआ। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस हमले में कोई हताहत नहीं हुआ । उनके अनुसार सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए तलाश अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट क्षेत्र में एक सैन्य शिविर के पीछे सैन्य चौकी पर आतंकवादियों ने दो ग्रेनेड दागे जिनमें एक फटा। बाद में तलाश अभियान के दौरान विशेषज्ञों ने दूसरे ग्रेनेड को निष्क्रिय कर दिया। उन्होंने बताया कि फटे हुए ग्रेनेड का सेफ्टी पिन सैन्य शिविर की चारदीवारी के समीप मिला। अधिकारियों के मुताबिक हमले के बाद आतंकवादियों की धरपकड़ के लिए सेना और पुलिस ने इलाके में सघन तलाश अभियान शुरू किया है।

### केरल में सड़क दुर्घटना में एक तीर्थयात्री की मौत,19 घायल

कोल्लम । कोल्लम में बुधवार तड़के आर्यंकावु चौकी के निकट तमिलनाडु से श्रद्धालुओं को ले जा रही एक मिनी बस और एक मालवाहक ट्रक के बीच टक्कर हो गई, जिसमें एक तीर्थयात्री की मौत हो गई और 19 लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। तेनमाला पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि मिनी बस सबरीमला से लगभग 24 तीर्थयात्रियों को लेकर तमिलनाडु लौट रही थी, तभी उसकी टक्कर एक मालवाहक ट्रक से हो गई। अधिकारी ने बताया कि घायलों में से 17 यात्रियों का पुनालुर अस्पताल में उपचार किया जा रहा है, जबकि दो अन्य को तिरुवनंतपुरम राजकीय मेडिकल कॉलेज 'रेफर' किया गया है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के असल कारण फिलहाल पता नहीं लग पाए हैं।

### तेलंगाना में भूकंप के बाद महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए

नागपुर । तेलंगाना के मुलुगु में बुधवार को सुबह भूकंप आने के बाद महाराष्ट्र के नागपुर, गढ़चिरौली और चंद्रपुर जिलों में भी झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, सुबह सात बजकर 27 मिनट पर मुलुगु में 5.3 तीव्रता का भूकंप आया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के सूत्रों और स्थानीय निवासियों के अनुसार, नागपुर में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला सूचना कार्यालय के अनुसार, तेलंगाना के बहुत करीब स्थित गढ़चिरौली में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि चंद्रपुर में शहर के कुछ



हिस्सों, बल्लारपुर और तेलंगाना की सीमा से सटी तहसीलों में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। चंद्रपुर के जिलाधिकारी विनय गौड़ा ने निवासियों से अपील की कि घबराने की जरूरत नहीं है और अगर फिर से ऐसे झटके महसूस हों तो वे सतर्क रहें तथा इमारतों से बाहर खुले स्थानों पर चले जाएं। आईएमडी अधिकारियों के अनुसार, आमतौर पर भूकंप के केंद्र से 200 से 300 किलोमीटर की दूरी पर हल्के झटके महसूस किए जाते हैं।